CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 15° C

हल्द्वानी, रविवार 8 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 191 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




सिलेंडर की कीमतों को लेकर अखिलेश ने केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना पेज 2




भारत की नजरें जीत पर, न्यूजीलैंड इतिहास के पक्ष में खेल टाइम्स



ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान ! पेज 11



'धुरंधर-2' में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक बॉलीवुड

## 18वां रोज़ा

कुरआने-पाक में जाहिर कर दिया गया है-जो लोग ईमान लाए, नेक अमल किए व अपने परवरदिगार के आगे आजिजी की, यही साहिबे- जन्नत हैं। हमेशा इसमें रहेंगे। मजकूर आयत की रोशनी में अठारहवां रोज़ा बेहतरीन तरीके से समझा जा सकता है। 'नेक अमल' से मुराद है ऐसे काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत और शरई उसूल के मुताबिक सब्र और सदाकत की मिसाल हों। नेक अमल। परवरदिगार से मुराद अल्लाह से है।




# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे घुसपैठिए: अमित शाह



■ गृह मंत्री ने 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के तहत हरिद्वार में आयोजित विशाल जनसभा को किया संबोधित

■ शाह बोले उत्तराखंड की समस्याओं को चुन-चुन कर हल कर रहे हैं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने संबोधन की शुरुआत उत्तराखंड राज्य आंदोलन से करते हुए कहा कि, उत्तराखंड के युवाओं को अपनी पहचान, संस्कृति बचाने के साथ ही अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा, लेकिन इसके लिए उन्हें रामपुर तिराहा कांड जैसी हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने उत्तराखंड के साथ ही झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का निर्माण करने का निर्णय लिया, आज ये तीनों राज्य तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है, अब इसे संवारने का काम मोदी जी करेंगे, इसी क्रम में 2017 से 2026 तक का कालखंड, उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि बीते चार सालों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सभी समस्याओं को चुन- चुन कर समाप्त करने का काम किया है। इस कारण उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य सरकार ने किए कई ऐतिहासिक कार्य: धामी

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर राज्य में 3.56 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए। जिसमें एक लाख करोड़ से ज्यादा के ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। राज्य में पहली बार जी-20 जैसे वैश्विक सम्मेलन का आयोजन, राज्य में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, जिसमें राज्य के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक मैडल प्राप्त कर राज्य को अंक तालिका में 7वां स्थान प्राप्त हुआ। राज्य में पहली बार वर्षभर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शीतकालीन यात्रा प्रारम्भ, जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

### उत्तराखंड के लिए केंद्रीय सहायता बढ़ी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच उत्तराखंड को केंद्र सरकार से सिर्फ 54 हजार करोड़ मिले, जबकि इसके बाद से उत्तराखंड को केंद्र से एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं, इसके अलावा केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में हजारों करोड़ रुपये की आलवेदर को रोड, दिल्ली - देहरादून इकानॉमिक कॉरिडोर, रेल, सड़क और परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 80 हजार रुपये थी, जो अब बढ़कर 2 लाख 74 हजार हो चुकी है। जीएसडीएपी भी 2 लाख 22 हजार करोड़ से बढ़कर तीन लाख 82 हजार करोड़ हो चुकी है।

# यूएई, सऊदी और जॉर्डन में अमेरिकी थाड डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

## जॉर्डन वाला डिफेंस-सिस्टम ईरानी हमले में तबाह, कीमत 22 हजार करोड़

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**अमेरिका-इजरायल** और ईरान जंग का शनिवार को आठवां दिन था। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे थाड का रडार सिस्टम तबाह हो गया है।

एक थाड सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपये (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार थाड सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 थाड सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है। जॉर्डन में अमेरिकी थाड का रडार सिस्टम की ईरानी हमले के बाद की सैटेलाइट तस्वीर जारी की गई हैं। वहीं ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डाक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।



अमेरिका के पास ऐसे सिर्फ सात सिस्टम थे मौजूद

ईरान का एक युद्धपोत अभी भारत में, 183 नौसैनिक मौजूद, तकनीकी खराबी के बाद मदद मांगी, चार मार्च को कोच्चि पहुंचा

### ईरानी युद्धपोत को कोच्चि में रुकने की अनुमति मानवीय फैसला



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लावन को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने की अनुमति देने के भारत के फैसले पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा है कि यह विशुद्ध कानूनी जटिलताओं से परे मानवीय आधार पर लिया गया निर्णय है जो उनकी समझ से सही है।

डा. जयशंकर ने शनिवार को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग के तीसरे और अंतिम दिन 'हिन्द महासागर का भविष्य' विषय पर पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवालों के जवाब में कहा कि ईरानी युद्धपोत को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने का निर्णय विशेष परिस्थितियों और मानवीय आधार पर लिया गया है और इसे कानूनी बारीकियों में नहीं तोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान के तीन युद्धपोत आईआरआईएस डेना, आईआरआईएस लावन और आईआरआईएस बुशहर पिछले महीने विशाखापत्तनम में नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा समारोह तथा मिलन अभ्यास में शामिल होने आए थे।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपये कमर्शियल 114.50 रुपये महंगा

■ डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल तथा गैस की कीमतों में भारी वृद्धि और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट के कारण तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से रसोई गैस (एलपीजी) के दाम बढ़ा दिए हैं।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में शनिवार से 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जबकि 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में 7 मार्च से घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये का मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का उच्चतम स्तर है। कोलकाता में इसकी नई कीमत 939 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये हो गई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 11 महीने बाद कोई बदलाव किया गया है। इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को इसकी कीमत 50 रुपये बढ़ाकर 853 रुपये प्रति सिलेंडर की गई थी। वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1,768.50 रुपये से बढ़कर अब 1,883 रुपये हो गई है, जो अप्रैल 2023 के बाद सबसे अधिक है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर लगातार चौथी बार महंगा हुआ है। छह दिन पहले 1 मार्च को भी दिल्ली में इसके मूल्य में 28 रुपये की वृद्धि की गई थी।

### पाक में शिया प्रदर्शनकारियों पर सेना की गोलीबारी, 38 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान के सबसे बड़े शहर स्कार्दू में भीषण हिंसा भड़क उठी। पहली मार्च को शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पाकिस्तानी सेना व अर्द्धसैन्य बलों की गोलीबारी में बाल्टी-शिया समुदाय के 38 लोगों की मौत हो गई। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। इससे क्रोधित प्रदर्शनकारियों ने सैन्य प्रतिष्ठानों व सरकारी दफ्तरों में तोड़फोड़ की और आग के हवाले कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद हिंसा भड़की।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक संभावित हादसे से बाल-बाल बच गए। कौशांबी जाते समय उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री लखनऊ के ला मार्टिनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा कौशांबी के लिए रवाना हुए थे।

उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को वापस लखनऊ एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग कराई। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में उपमुख्यमंत्री के साथ पायलट,

■ बाल-बाल बचे

एक सहयोगी और एक पीएसओ मौजूद थे। धुएं के कारण कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि सुरक्षित लैंडिंग होने से सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। घटना के बाद उपमुख्यमंत्री कुछ समय तक एयरपोर्ट पर ही रुके रहे। तकनीकी खराबी के कारणों की जांच के लिए हेलीकॉप्टर की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री मौर्य शनिवार को कौशांबी में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने जा रहे थे। इसके अलावा उनके पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद, विभागीय अफसरों के साथ बैठक और कई विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का भी कार्यक्रम तय था।

## संक्षिप्त समाचार

### राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में बरी

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस हत्याकांड में राम रहीम के साजिशकर्ता होने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। जिस वजह से राम रहीम को बरी कर दिया गया। राम रहीम इससे पहले डेरा मैनेजर रणजीत हत्याकांड में पहले ही हाईकोर्ट से बरी हो चुका है। हालांकि सीबीआई ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण केस में 10 साल कैद की सजा हुई है। इस वजह से राम रहीम को अभी जेल में ही रहना होगा।

### नेपाल चुनाव: भारत विरोधी नेता केपी ओली की हार

**काठमांडू।** नेपाल में 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से

## पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव, भाजपा-कांग्रेस ने व्हिप किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें, क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है।

वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया। नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, इसलिए प्रस्ताव पारित होना कठिन है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पीकर स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने और मतदान करने का अधिकार होगा।

### ममता बनर्जी का धरना दूसरे दिन भी जारी, रातभर धरनास्थल पर रहीं

■ बोलीं: एसआईआर में वोटर्स के नाम बंगाल को बांटने के इरादे से हटाए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी है। ममता ने शुक्रवार की रात धरना स्थल पर ही बिताई।

ममता ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है। ममता बनर्जी ने समर्थकों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पोस्ट एसआईआर में वोटर लिस्ट से वोटर्स के नाम हटाना बंगाल को बांटने के इरादे से किया गया है। भाजपा बंगाल को बांटकर वोट छीनने की योजना बना रही है। वे (भाजपा नेता) अन्य राज्यों में बंगाली भाषी लोगों को परेशान कर रहे हैं और बंगालियों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। धरना स्थल पर ममता के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद हैं।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताज. महल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश नि:शुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहा. सिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### पांच दिन के बाद कश्मीर में खुले बाजार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं और पांच दिनों की पाबंदियों के बाद शनिवार को बाजार फिर से खुल गए और सार्वजनिक परिवहन भी सामान्य रूप से चलने लगे। इससे पहले विरोध प्रदर्शनों के कारण बंद पघी इंटरनेट और प्रीपेड मोबाइल फोन सेवाओं को शुक्रवार शाम से फिर से शुरू कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हवाई हमलों में वहां शीर्ष नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पांच दिन पहले घाटी के कुछ हिस्सों में पाबंदियां लगा दी थीं।

# सपा की साइकिल पंक्चर हो चुकी है: केशव मौर्य

**कौशांबी, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को कौशांबी पहुंचे, जहां उन्होंने बाबू सिंह महाविद्यालय संयारा में आयोजित सरस महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद उपमुख्यमंत्री ने मंच से उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। अपने संबोधन में उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बिहार में पराजय



के बाद घोर निराशा में हैं और सत्ता के वनवास से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल अब पंचर हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2047 तक समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सत्ता में नहीं आ पाएंगी तथा 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अप्रैल महीने से दिव्यांगजनों को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

## जो हिम्मती होगा वो गाय के पक्ष बोलेगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जो गाय के पक्ष में होगा, वह गोहत्या पर प्रतिबंध की मांग का समर्थन करेगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को गंगा माता, गौ माता, चिंतामणि गणेश मंदिर और संकट मोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने 'गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा' का शुभारंभ किया। यात्रा विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और रात्रि विश्राम के साथ आगे बढ़ेगी तथा 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेगी। शंकराचार्य ने कहा कि लखनऊ पहुंचने पर आगे का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। वहां से गौ माता की रक्षा को लेकर बड़ी आवाज उठेगी।

# जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी देश से महंगाई: अखिलेश

## पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई लोग सपा में शामिल हुए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज ही एलपीजी सिलेंडर पर करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार का कहना है कि कुछ परिस्थितियों के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं और बाद में कम कर दी जाएंगी, लेकिन एक बार जो चीज महंगी हो जाती है वह दोबारा सस्ती नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां लोगों को परेशानियों का सामना



■ सिलेंडर की बढ़ी कीमतों को लेकर केंद्र व योगी सरकार पर साधा निशाना

करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की कीमतें बढ़ने का एक बड़ा कारण भारी टैक्स है, जो कई मामलों में 50 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि हमारी समझ में एक ही बात आती है कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई। इस बीच आगामी यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व नेता और संत कबीर नगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ डीएनएनएस यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने भी पार्टी जॉइन की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा बार-बार सपा की नई-नई छवि पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में वायरल हुए 'कट्टा' वाले गीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सपा की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस गाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो इसके पीछे भाजपा की भूमिका मानी जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जिस सरकार ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे, लोकभवन और गोमती रिवर फ्रंट जैसे बड़े विकास कार्य किए हों, उसके बारे में इस तरह के गीत बनाना गलत है।

## हम सब कर रहे नए भारत का दर्शन: सीएम योगी

# हर क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी पर कर रहे काम

**आगरा/मथुरा।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आगरा पहुंचे और यहां योगी आरएसएस ब्रज प्रांत की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, संघ के लोगों की समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें सीएम ने सभी की समस्याओं का समाधान किया। योगी ने एक हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रुप का 8वां हॉस्पिटल है। हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने का अधिकार है। भारत में पिछले 11 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है, हम सब नए भारत का दर्शन कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे भारत को अपनी आंखों से देख रहे हैं। विरासत और विकास



■ आगरा में सीएम योगी बोले, यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज, 2 एम्स
■ मथुरा में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में हिस्सा लिया

के समन्वय का स्वरूप अपने भारत में देख रहे हैं। समग्र विकास की संभावनाएं अपनी आंखों के सामने देख रहे हैं। भारत में हाईवे, एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे की नई लाइनें, नई टेक्नोलॉजी के साथ नए कोच भी बन रहे हैं। वंदे भारत और नमो भारत जैसी ट्रेनें भी हमनें देख लीं। जानने और यात्रा करने का अवसर भी मिल रहा है। देश में एयर कनेक्टिवटी बेहतर हो रही है। देश में 70 वर्ष में एयरफोर्स और एयर कनेक्टिवटी के लिए सुविधाएं बढ़ाई गईं। सीएम ने बताया कि हेल्थ सेक्टर की बात करें, तो अटलजी के समय देश में केवल एक एम्स था। धीरे-धीरे अटलजी ने इसकी संख्या 6 तक पहुंचाई। पीएम मोदी ने देश में एम्स की संख्या 23 तक पहुंचा दी है। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी की संख्या बढ़ रही है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश यूपी में भी हमने प्रयास किए। 2017 के पहले यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज का संचालन हो रहा है। जब यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे, तब यूपी में वन ड्रिस्ट्रिक वन माफिया जरूर हावी था, मेडिकल कॉलेज नहीं थे, सरकारों की सोच माफिया तक सीमित थी। स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए डबल इंजन सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए काम किया। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज और 2 एम्स संचालित हो रहे हैं, जिसमें एक गोरखपुर और दूसरा रायबरेली में हैं। यूपी में डबल इंजन की सरकार में 6 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से उपर आए हैं। एक समय था कि जब कोई बीमार होता था, तो पूरा परिवार परेशान होता था, घर गिरवी रख जाता था।

## एआई से होगा किसानों की समस्याओं का समाधान: जितिन प्रसाद

**शाहजहांपुर।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि एआई से किसानों की सभी समस्याओं का समाधान होगा। वे शनिवार को शाहजहांपुर में जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के 87वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत के बाजार पर टिकी हैं। यह नया भारत है, जो किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत का यूरोपीय यूनियन, ऑस्ट्रेलिया, ओमान समेत कई देशों से एफडीए करार हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई लोगों की रोजमर्रा जिंदगी में शामिल हो जाएगा, जिससे लोगों का जीवन स्तर बदल जाएगा। आने वाले टाइम में घर-घर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा कि ये आज का तेजी से बदलता हुआ नया भारत है और यह सब प्रधानमंत्री मोदी सरकार की बदौलत संभव हो पा रहा है।

# एसआईआर में 44,952 नाम हटे, 70.69 लाख दावे-आपत्तियां प्राप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के तहत 27 अक्टूबर से 6 मार्च तक कुल 44,952 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि 37,132 मामलों में मतदाताओं ने खुद आवे. दन देकर नाम हटवाए, जबकि अन्य मामलों में माइग्रेशन या फॉर्म-7 के माध्यम से नाम विलो. पित किए गए। कुल हटाए गए नामों में 27,118 माइग्रेशन, 10,014 स्वयं हटवाने और 7,620 फॉर्म-7 के जरिए नाम कटे हैं। अब तक प्राप्त दावों और आपत्तियों में से करीब 86 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। जिन आवेदकों ने सही दस्तावेज प्रस्तुत किए, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। 6 जनवरी से शुरू हुई दावा-आपत्ति प्रक्रिया के दौरान अब तक 70 लाख 69 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पुरुषों के 34.96 लाख, महिलाओं के 35.72 लाख और अन्य लिंग के 296 आवेदन शामिल हैं। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के कुल 86.69 लाख आवेदन 27 अक्टूबर से प्राप्त हुए हैं, जिनमें 43.06 लाख पुरुष और लगभग 43 लाख महिलाओं ने आवे. दन किया। वहीं फॉर्म-7 के 3.18 लाख आवेदन मिले, जिनमें 1.58 लाख पुरुष और 1.10 लाख महिलाओं के आवेदन शामिल हैं। इसी अवधि में फॉर्म-8 के 22.55 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 13.38 लाख पुरुषों ने आवेदन किया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45




सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# जन औषधि दिवस पर पीएम मोदी ने किफायती स्वास्थ्य सेवा पर दिया जोर

**नई दिल्ली, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की प्रमुख सस्ती दवा पहल सभी नागरिकों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने लाखों लोगों को काफी कम कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं पाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि जन औषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं, जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस योजना के मकसद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल को और सस्ता बनाने के सरकार के इरादे को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करने की हमारे प्रतिबद्धता को दिखाती है कि हर नागरिक को सस्ती कीमतों



पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं मिलें। गौरतलब है कि यह योजना जन औषधि केंद्रों के नाम से जाने जाने वाले खास केंद्रों के एक नेटवर्क के जरिए चलती है, जो ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले काफी कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं देते हैं। सरकार के मुताबिक इन केंद्रों ने देश भर के परिवारों पर स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ कम करने में मदद की है। मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा कि जन औषधि केंद्रों के जरिए, अनगिनत परिवार स्वास्थ्य देखभाल के खर्च बचा रहे हैं और उन्हें सही इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जेने. रिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना शुरू की है। इसका मकसद सस्ती दवाओं तक पहुंच बढ़ाना है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज मानेकशॉ सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित होंगी।

विश्व स्तर पर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान के उत्सव मनाए जाते हैं। यह दिवस स्त्री-पुरुष समानता, महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और महिला सशक्तिकरण के सरकार और समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता को का महत्वपूर्ण अवसर है। मानेकशां सेंटर के कार्यक्रम शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक के स्वागत भाषण के साथ होगा।

# अगर बैंक खाते से डिजिटली कट गए हैं पैसे, तो मिलेंगे 25000!

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पांच दिन के अंदर अपने बैंक को करना होगा सूचित

ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच आरबीआई आम आदमी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। नए नियम के तहत अगर आपके बैंक खाते से धोखे से पैसे उड़ जाते हैं, तो आपको 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिल सकेगा, लेकिन इसके लिए 5 दिन के अंदर एक काम करना होगा।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनेटरी पॉलिसी की घोषणा करते समय इस बदलाव के संकेत दिए थे। इसके बाद 6 मार्च को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जुड़े कस्टमर लायबिलिटी फ्रेमवर्क का यह ड्राफ्ट पेश किया गया। फिलहाल केंद्रीय बैंक ने इस पर आम जनता से उनकी राय मांगी है, जिसके लिए 6 अप्रैल 2026 तक का समय दिया गया है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो 1 जुलाई 2026 या उसके बाद होने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांजेक्शन पर यह नया नियम लागू हो जाएगा। इस मुआवजे को पाने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। ठगी का अहसास होते ही आपको तुरंत एक्शन लेना होगा। नियमों के तहत पीड़ित को फ्रॉड होने के 5 दिन के अंदर अपने बैंक को इसकी सूचना देनी होगी। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करानी अनिवार्य है। शिकायत मिलने के बाद बैंक को महज 5 कैलेंडर दिनों के भीतर ही ग्राहक को मुआवजे की राशि का भुगतान करना होगा। डिजिटल पेमेंट हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। सब्जी वाले को पैसे देने हों या लाखों का लेन-देन करना हो, सब कुछ स्मार्टफोन के एक क्लिक पर हो जाता है, लेकिन इस सहूलियत के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। आए दिन साइबर ठग आम लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा ले जाते हैं, ऐसे में आरबीआई आम जनता के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। आरबीआई का यह कदम सीधे तौर पर उन ग्राहकों को राहत देगा, जो अक्सर छोटे स्तर की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केदारनाथ से...**

अब दोगुनी रफ्तार से विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में 10 हजार एकड़ सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिया को देश से बाहर निकालने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने यूसीसी लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूसीसी, डेमोग्राफी में आए अप्राकृतिक बदलाव को रोकने का काम करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने एसआईआर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो भारत का नागरिक नहीं है, उसका नाम वोटर लिस्ट से कटना ही चाहिए, लो. कतंत्र की रक्षा के लिए वोटर लिस्ट का शुद्ध होना जरूरी है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी, राज्य सभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, हरिद्वार सांसद और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, डा. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित कई विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

# ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए भारत और ब्रिटेन मिलकर करेंगे सहयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर एक व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था। यह सम्मेलन राष्ट्रीय

■ राजधानी में आयोजित सम्मेलन में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें दोनों देशों की सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत, मानक निकायों, परीक्षण संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और नियामक एजेंसियों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया ताकि भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत हरित हाइड्रोजन के सुरक्षित उपयोग पर सहयोग को मजबूत किया जा सके। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। इनमें उत्पादन, भंडारण, परिवहन और अंतिम उपयोग अनुप्रयोग के विषय भी शामिल थे। सम्मेलन को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक मोहम्मद रिहान, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के मिशन निदेशक अभय बकरे, भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव जिनूस शरियाती, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा और भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव लौरा आयलेट आदि ने संबोधित किया। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के वैज्ञानिक सचिव परविदर मैनी ने मुख्य भाषण देते हुए, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के बड़े पैमाने पर उपयोग को सक्षम बनाने के लिए मजबूत सुरक्षा ढांचे, मानक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर बल दिया। चर्चा सत्रों में हाइड्रोजन सुरक्षा और मानकों के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय नियामकों की भी भागीदारी रही। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) ने हाइड्रोजन प्रणालियों के लिए सुरक्षा अनुपालन, जोखिम मूल्यांकन और आपदा प्रबंधन पर नियामक दृष्टिकोण साझा किया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने विकसित हो रहे मानक ढांचे और भारतीय हाइड्रोजन मानकों को अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर जानकारी प्रस्तुत की। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में सुरक्षा प्रथाओं पर प्रस्तुतियां और चर्चाएं शामिल थीं।

# कर्तव्य पथ पर 'शक्ति वॉक' का आयोजन किया जाएगा

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'शक्ति वॉक-शी लीड्स भारत' नाम से यहां कर्तव्य पथ पर महिलाओं के नेतृत्व में एक वॉक का आयोजन करेगा। इस समारोह का मकसद अलग-अलग क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों, नेतृत्व और योगदान का जश्न मनाना है।

साथ ही लिग सामानता, सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना है। मंत्रालय के मुताबिक यह वॉक सुबह 7:30 बजे से 10:00 बजे तक होगी, जिसमें इंडिया गेट से विजय चौक तक कर्तव्य पथ पर लगभग दो किलोमीटर का रास्ता तय किया जाएगा। इस समारोह में 150 से ज्यादा मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की लगभग 3,000 महिलाओं के हिस्सा लेने की उम्मीद है। हिस्सा लेने वालों में सशस्त्र बल, पुलिस, मीडिया, स्वास्थ्य विभाग, खेल, सरकारी संस्थानों, उद्योगों और अन्य संगठनों की प्रतिनिधि शामिल होंगी। इसमें अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। इस वॉक को महिला जन प्रतिनिधि नेतृत्व करेंगी, जिनमें केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य, विधायक और अलग-अलग क्षेत्र की दूसरी जानी-मानी हस्तियां शामिल हैं। महिलाएं आज केवल राष्ट्र निर्माण में सहभागिता ही नहीं निभा रहीं, बल्कि उसका नेतृत्व भी कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'शक्ति वॉक' नारी शक्ति, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रतीक है केन्द्र सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों की महिला अधिकारियों को भी इसमें शामिल होने के लिए बुलाया गया है।

CMYK



## हरिद्वार में हुआ 'जन जन की सरकार, चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम आयोजित

# शाह ने किया 1129.91 करोड़ की योजनाओं को लोकार्पण व शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में 1129.91 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



रुपये 1014.81 करोड़ की 22 योजनाओं का शिलान्यास और 115.10 करोड़ रुपये की 17 योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी, राज्य सभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भटट्ट, हरिद्वार सांसद और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित कई विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

## इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण

- 14 करोड रुपए की लागत से सहकारिता विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजनान्तर्गत टी.एम.आर. प्लांट का लोकार्पण।
- 18.17 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के पुलिस लाइन में निर्मित 46 आवासीय भवनों का लोकार्पण।
- 6.55 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढवाल के पुलिस लाईन में निर्मित बहुउद्देशीय भवन एवं जनपद उत्तरकाशी में थाना धरासू के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण।
- 5.48 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढवाल में थाना लक्ष्मणझूला, थाना लैंसडाउन एवं जनपद उत्तरकाशी में थाना धरासू के कुल 18 आवासीय भवनों का का लोकार्पण।
- 5.40 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के पीटीसी नरेन्द्रनगर में निर्मित एकेडमिक ब्लॉक एवं राजपत्रित छात्रावास के लोकार्पण।
- 12.75 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में थाना चोरगलिया, काठगोदाम तथा जनपद टिहरी गढवाल में थाना कीर्तिनगर व मुनि की रेती में टाइप-2 के कुल 48 आवासों का लोकार्पण।
- 14.36 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के आई०आर०बी० द्वितीय में आर०टी०सी० हेतु प्रशासनिक भवन एवं अवसंरचनात्मक कार्यों का लोकार्पण।
- 6.98 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में थाना रानीखेत व द्वाराहाट तथा जनपद बागेश्वर में थाना कपकोट में टाईप-2 के कुल 18 आवासीय भवनों का लोकार्पण।
- 7.16 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में थाना चम्पावत, टनकपुर व लोहाघाट में टाईप-2 के कुल 18 आवासीय भवनों का लोकार्पण।
- 9.16 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में जिला कारागार के आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का लोकार्पण।
- 4.90 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में 50 बन्दी क्षमता की हाई सिक्योरिटी बैरकों का लोकार्पण।
- 1.80 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के जिला कारागार में वी०सी० क्यूबिकल्स का लोकार्पण। 1.22 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में वी.सी. क्यूबिकल्स का लोकार्पण।
- 1.22 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उप कारागार रूडकी में वीसी क्यूबिकल्स के निर्माण कार्य का लोकार्पण।
- 0.84 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के उप कारागार, हल्द्वानी में वी.सी. क्यूबिकल्स का लोकार्पण।
- 2.63 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के जिला कमाण्डेन्ट, कार्यालय होमगाड्र्स के अनावासीय भवन का लोकार्पण।
- 2.48 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ में जिला कमाण्डेन्ट, कार्यालय होमगाड्र्स के अनावासीय भवन का लोकार्पण।

## इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास

- 20 करोड़ रुपए की लागत से सहकारिता विभाग के अन्तर्गत निबन्धक कार्यालय सहकारी समितियाँ उत्तराखण्ड, मुख्यालय भवन का शिलान्यास।
- 6.13 करोड़ रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में अल्मोड़ा-सैनार-चान मोटर मार्ग में कोसी नदी पर 60 मीटर विस्तार के मोटर सेतु के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 11.58 करोड़ रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद चमोली में लंगसी-द्वींग-तपोण-लॉजी-पोखनी मोटर मार्ग में अलकनन्दा नदी पर 78 मीटर विस्तार के मोटर सेतु के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 82.37 करोड़ रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद चमोली के ज्योतिर्मठ में ड्रेनेज संबंधित कार्य का शिलान्यास।
- 516.98 करोड़ रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद चमोली के आपदा प्रभावित ज्योतिर्मठ नगर क्षेत्रान्तर्गत भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्र के स्लोप स्टेबलाइजेशन का शिलान्यास।
- 155.45 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत पुलिस लाईन देहरादून में टाईप-द्वितीय (ब्लॉक-ए, बी एवं सी) के 360 (जी+10) आवासों का शिलान्यास।
- 54.04 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग, के अन्तर्गत आई.आर.बी द्वितीय देहरादून में टाईप-द्वितीय के 120 आवासों का शिलान्यास। 7.07 करोड़ रुपए की लागत से गृह (अभियोजन) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जनपदीय कार्यालय भवन एवं सदर मालखाना का शिलान्यास। 9.29 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के सितारगंज में केन्द्रीय कारागार में अतिरिक्त आवासीय भवनों का शिलान्यास। 9.97 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जिला कारागार, अल्मोड़ा में आवासीय भवनों का शिलान्यास।
- 1.23 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग, के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उप कारागार, रुड़की में ट्यूबवैल एवं ओवरहेड टैंक का शिलान्यास। 2.51 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उप कारागार, रुड़की में नवीन अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण का शिलान्यास। 4.90 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में बैरक संख्या - 01,02 एवं 06 के प्रथम तल पर बैरकों के निर्माण का शिलान्यास।
- 0.99 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में महिला बैरक प्रथम तल पर नवीन बैरक के निर्माण का शिलान्यास। 21.25 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में जिला कारागार के नवीन अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण का शिलान्यास।
- 1.63 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग, के अन्तर्गत जनपद चमोली के जिला कारागार में वी०सी० हॉल एवं वी०सी० क्यूबिकल्स के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 0.28 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के जिला कारागार के वी०सी० हॉल में वी०सी० क्यूबिकल्स के निर्माण का शिलान्यास।
- 0.57 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग, के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के जिला कारागार में वी०सी० हॉल के भूतल पर साउण्डप्रूफ वी०सी० क्यूबिकल्स के निर्माण का शिलान्यास।
- 2.24 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के जिला कमाण्डेन्ट, होमगाड्र्स कार्यालय के अनावासीय भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 2.74 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के जिला कमाण्डेन्ट, होमगाड्र्स कार्यालय के अनावासीय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- रुपए 43.25 करोड़ रुपए की लागत से नियोजन (यूआईआईडीबी) विभाग उत्तराखण्ड़ के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में हरिद्वार गंगा कॉरिडॉर परियोजना के अन्तर्गत के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 60.34 करोड़ रुपए की लागत से नियोजन (यूआईआईडीबी) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में हरिद्वार गंगा कॉरिडॉर परियोजना के अन्तर्गत सती कुण्ड पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास

## शाह ने नागरिकता प्रमाणपत्र किए प्रदान



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में आयोजन के दौरान पाकिस्तान, अफगानिस्तान से आए 162 शरणार्थियों को भारत की नागरिकता का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसमें पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित सिद्धपीठ हिंगलाज माता मंदिर के पुजारी परिवार से जुड़े शैलेश, भट्टाग्राम, पाकिस्तान से आए जसपाल कुमार, कराची, पाकिस्तान में महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न से तंग आकर भारत आने वाले दुर्गानाथ टी. राजपूत और अफगानिस्तान से आई श्रीमती हंसेरी बाई को मंच पर नागरिकता का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## केंद्रीय गृहमंत्री ने ई जीरो एफआईआर का किया शुभारंभ



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उत्तराखंड में ई जीरो एफआईआर प्रणाली का भी शुभारंभ किया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के अंतर्गत शुरू की जा रही ई-जीरो एफआईआर प्रणाली विशेष रूप से एक लाख से अधिक की वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। अब 1930 हेल्पलाइन या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें, देहरादून स्थित राज्य साइबर पुलिस स्टेशन में ई-जीरो एफआईआर के रूप में पंजीकृत होंगी और तत्पश्चात सीसीटीएनएस के माध्यम से संबंधित थाने को तत्काल प्रेषित की जाएंगी। इससे पुलिस को गोल्डन ऑवर में तुरंत कार्रवाई करने, साक्ष्य संकलन प्रारम्भ करने तथा संदिग्ध लेन-देन को फ्रीज करने में सहायता मिलेगी, जिससे ठगे गए धन की अधिक से अधिक रिकवरी की संभावना बढ़ेगी।

## नव नियुक्त आरक्षियों को मिले नियुक्ति पत्र



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड पुलिस में नव नियुक्त आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, जिसमें से अमन सिंह, आकाश, अभय चौहान, अर्जुन नाथ गोस्वामी, योगेश नाथ ने मंच से नियुक्ति पत्र प्राप्त किए।

# सरकार ने यूसीसी लागू कर ऐतिहासिक कदम उठाया: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में वर्ष 2022 में उत्तराखंड की जनता ने सभी मिथकों को तोड़कर प्रचंड बहुमत से सरकार को दुबारा आशीर्वाद दिया।



मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार किया गया है। नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू कर वर्षों से उपेक्षित हिन्दू शरणार्थियों को सम्मान और सुरक्षा का अधिकार दिलाया गया। भारतीय न्याय संहिता सहित तीन नए कानूनों के माध्यम से न्याय व्यवस्था को भारतीय आत्मा के अनुरूप बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा गृह मंत्री के नेतृत्व में देश में आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। जिन क्षेत्रों में अशांति और भय होता था, आज वो क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। कश्मीर के लाल चौक पर कभी तिरंगा फहराना, एक चुनौती माना जाता था, आज वहां गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा लहरा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा गृह मंत्री के नेतृत्व में देश, सहकारिता के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन का जयघोष चारों दिशाओं में गूंज रहा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्र द्वारा हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ के लिए 500 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा निश्चित ही आगामी कुंभ सनातन का गौरव बढ़ाने वाला कुंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में बीते चार सालों में आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि हुई है, बीते वर्ष में राज्य की जीएसडीपी में 7.23 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है और प्रतिव्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बीते 4 वर्षों में राज्य बजट का आकार 60 हजार करोड़ से 1 लाख करोड़ से अधिक हो गया है, राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं। बीते चार वर्षों में राज्य में स्टार्टअप की संख्या 700 से बढ़कर साढ़े 1700 हो गई है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू कर सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा हमें गर्व है कि हमने यूसीसी को लागू कर उसे प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने का कार्य भी किया है।

### कहा-प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर हो रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर राज्य में 3.56 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए। जिसमें 1 लाख करोड़ से ज्यादा के ग्राउंडिंग हो चुकी है।

## कार्यक्रम में दिखा संतों का समागम

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति भी देखने को मिली।

कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ों के महामंडलेश्वर, संत और साधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर संतों के लिए अलग से विशेष स्थान की व्यवस्था की गई थी।

संत समाज की मौजूदगी से कार्यक्रम का माहौल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर संतों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आशीर्वाद दिया। संतों ने राज्य की उन्नति और जनकल्याण के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।



## केंद्रीय गृहमंत्री ने किया 'विकल्प रहित संकल्प' पुस्तक का विमोचन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भाषणों के संकलन पर आधारित गिरजा शंकर जोशी की पुस्तक 'विकल्प रहित संकल्प' का विमोचन किया गया। आयोजन के दौरान राज्य सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।




# 27 के चुनाव के लिए प्रदेश नेतृत्व को मिला शाह का विजयी मार्गदर्शन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में शनिवार को भाजपा की प्रदेश टोली बैठक संपन्न हुई। जिसमें चुनावी दृष्टि से कार्यकर्ताओं की संतुष्टि और संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा हुई। वहीं 27 के चुनाव दृष्टिगत गृह मंत्री का प्रदेश नेतृत्व को विजयी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



**टोली बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री ने की संगठन के प्रमुख नेताओं से चर्चा, किया मार्गदर्शन**

हरिद्वार के होटल गॉडविन में हुई इस बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बताया कि चुनावी वर्ष को देखते हुए शाह का प्रमुख रूप से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। जिसमें उनके द्वारा सभी लोगों को कार्यकर्ताओं की संतुष्टि और संगठन विस्तार पर जोर देने की बात कही। ताकि कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता की समस्याओं को टारगेट कर उसका निवारण किया जाए। इसी तरह संगठन विस्तार के क्रम में बूथ एवं मंडल स्तर पर प्रकोष्ठों एवं विभागों की इकाइयों का शीघ्र गठन किया जाएगा। जिनके आधार पर पार्टी की सक्रियता को पहले से अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त शीघ्र शुरू होने वाली एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा हुई। जिसके लिए बीएलए 2 बनाने के काम को शत प्रतिशत पूरा कर वोट संरचना अनुशार चुनावी तैयारी करेगी। धीरे धीरे चुनावी दृष्टि से पार्टी अपनी गति. विधियों को आगे बढ़ाएगी, ताकि बूथ स्तर पर कैसे सफलता के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। बैठक में तय हुआ कि सभी सांसद विधायक 2027 चुनाव की दृष्टि से कार्यकर्ताओं और जनता के बीच जाएं। उनके जनसामान्य के मुद्दों और व्यक्तिगत समस्याओं को सुने और उसके निवारण का प्रयास करें। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ उनके सभी कैबिनेट सहयोगी मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, केंद्रीय मंत्री एवं अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ,हरिद्वार सांसद पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा, सांसद एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, सांसद अजय भट्ट, महारानी माला राज्यलक्ष्मी, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल मौजूद रहे। इसके साथ ही भाजपा सातों मोर्चों के मोर्चा अध्यक्ष भी बैठक में मौजूद रहे।

CMYK

# गैस की कीमतों में उछाल पर उबाल

## अल्मोड़ा-रानीखेत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने शनिवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन कर महंगाई के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है और गरीब तथा मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार उस पर नियंत्रण पाने में किल साबित हो रही है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में हो रही वृद्धि से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप



लगाया कि एक ओर जनता महंगाई से त्रस्त है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गैस के दामों में बढ़ोतरी वापस नहीं ली गई तो कांग्रेस को सड़कों पर उतरकर और बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। पुतला दहन में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, संजू सिंह, विनोद वैष्णव, नारायण दत्त पांडेय, आनंद सिंह बगड़वाल, तारा चंद्र साह, दीप डांगी, रमेश भाकुनी, गोपाल सिंह चौहान, मनोज जोशी, गोविंद मेहरा, महिपाल राजपूत, शरद साह, दीपा साह, श्याम सिंह चौहान, मुकेश कुमार, वैभव पांडेय, मनोज बिष्ट, दानिश खान, गोपाल भगत, कार्तिक साह, ऋषभ चौहान, देव सिंह चौहान, अशोक गोस्वामी, जया जोशी, प्रीति बिष्ट, तारा तिवारी, किरण आर्या, शुभांशु रौतेला, वकुल साह, दीपेश कांडपाल और नंदा बल्लभ जोशी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, रानीखेत में भी घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महंगाई के इस दौर में गैस सिलेंडर पहले से ही आम जनता की पहुंच से दूर होता जा रहा है। ऐसे में कीमतों में और बढ़ोतरी से लोगों की रसोई पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से आम जनता की समस्याओं को देखते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ भी नारेबाजी की। यहां महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, कॉर्डिनेटर कुलद.ीप कुमार, रजनी जोशी, स्वाति बंसल, रितु अग्रवाल, कंचन आर्या, कुसुम जोशी, कुलदीप बिष्ट, जीतन जयाल, प्रदीप रावत, सुरेंद्र पवार, सोनू सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## साइलेंसर से पटाखे छोड़ने से मना करने पर की मारपीट एक गंभीर

**काशीपुर।** रेट्रो साइलेंसर से पटाखे छोड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने दो दोस्तों को मारपीट कर घायल कर दिया, जिसमें एक की हालत चिंता. जनक बनी हुई है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। विशाल नगर कालोनी जसपुर खुर्द निवासी विजय कुमार पुत्र हीरालाल ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका छोटा भाई राज कुमार किराना स्टोर से समान लेकर अपने घर वापस जा रहा था कि यामाहा एजेन्सी के पास दो बाइको का आपस में एक्सीडेन्ट हो गया था। जिस पर उसके भाई उनकी मदद करने के लिये रूका जहां उसका दोस्त अजय भी था तभी मौहल्ले के रहने वाले संजीव व सूरज पुत्रगण कोषपाल दोनों भाई तथा उनके 5-6 दोस्त साईलेसर की जाली निकाल कर रोड पर तेज अवाज से पटाखे की आवाज निकाल रहे थे। जब उसके भाई ने उक्त सभी से ऐसा करने को मना किया तो उन्होंने उसके भाई को गाली देने लगे। जब इसका विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी है। सूरज ने नीचे से ईंट उठाकर उसके भाई के सिर में मार दी तथा संजीव ने भाई के सिर में डन्डा मार दिया जिससे उसका भाई मौके पर ही बेहोश हो गया। बाद में आरोपी भाई को मरा जानकर मौक से चले गये। मारपीट में अजय को भी गुम चोटे आयी है। कहा कि घायल राजकुमार को इलाज के लिये सरकारी अस्पताल जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ईरान में फंसे बेटे को वापस लाने की माता-पिता ने गुहार लगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के बीच फंसे बेटे को लेकर परिजनों ने सरकार से बेटे को सकुशल वतन वापस लाने की गुहार लगाई है। बाजपुर रोड स्थित श्यामपुरम कॉलोनी निवासी विनोद कुमार सैनी ने सीएम, मेयर, तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनका बड़ा बेटा 23 वर्षीय अर्पित सैनी दुबई में मर्चेंट नेवी में सेकेंड अफसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया लगभग साढ़े आठ महीने पहले उनके बेटे की नौकरी दुबई में लगी थी, तब से वह वहां रह रहा है। विनोद ने बताया मर्चेंट नेवी में होने से उनका बेटा जहाज के साथ ईरान आता-जाता रहता है। पिता व मां नीलम सैनी ने बताया लगभग एक सप्ताह पहले उनका बेटा दुबई से ईरान गया था। इसी बीच ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ गया। जिसके चलते वह ईरान में फंस गया। पिता ने बताया कि बीती 3 मार्च को बेटे अर्पित से बात हुई थी। इसके बाद कई बार संपर्क किया प्रयास किया लेकिन बात नहीं हो सकी। पिता विनोद ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मेयर दीपक बाली को भी पत्र देकर गुहार लगाई है कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। कहा कि संबंधित अधिकारियों से बात करके उनके बेटे को भारत वापस सुरक्षित लाने में सहयोग करें। उधर, तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि पिता की ओर से प्रार्थना मिल चुका है। उच्चाधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है।

# सफाई को लेकर अब जनता की सोच बदल रही है: दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु महापौर दीपक बाली और नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में बैठक कर गहन मंथन किया गया। इस दौरान मेयर बाली ने कहा कि हमारी बड़ी जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर को पूरी तरह से साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं। उन्होंने कहा कि जनता को जागरूक किया जाए और समझाया जाए कि यह शहर उसका है और उसी के सहयोग के बगैर यह शहर साफ स्वच्छ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जब शहर साफ और स्वच्छ होगा तो स्वच्छता की रैंकिंग में बदलाव आना लाजमी है लेकिन हम यह सब केवल रैंकिंग के लिए नहीं बल्कि सफाई के मामले में हमारा



शहर अलग ही दिखाई दे इस हेतु प्रयास कर रहे हैं। बैठक में सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, नगर निगम कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, पार्षदगण, स्वयं सहयता समूह की महिलाएं, पीएमयू टीम, एमएसडब्ल्यू एम टीम, सुपरवाइजर टीम, भाषा सूत्र टीम आदि मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी सफाई गाड़ियां कूड़ा ढक कर ही ले जाएंगी। सभी पार्षदगण अपने वार्ड की सफाई संबंधित समस्याओं की सूची बनाकर जागरूकता बैठक में प्रस्तुत करेंगे। 10 विषयों के 10 जिम्मेदार लीडर अपनी टीम का गठन कर व्हाट्सप्प ग्रुप में टीम को जोड़ेंगे और नगर आयुक्त व सहायक नगर आयुक्त 10 जिम्मेदार लीडर के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

## एक नजर

### दो डंपरों की आमने-सामने भिड़ंत

**काशीपुर।** दो डम्परों की आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गई। गनीमत यह रही के इस दुर्घटना में कोई जनहानी नहीं हुई है। एक डंपर के चालक को मामूली चोट लगी है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि लगभग सवा बजे अलीगंज रोड पर बांसखेड़ा के पास दो डंपरों की आमने-सामने की मिड़ंत हो गयी। बताया गया कि एक डम्पर के ब्रेक फेल हो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई है। डंपरों की हुई इस भिडंत से कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

### संत बाबा हिम्मत सिंह की याद में जोड़ मेला

**काशीपुर।** संत बाबा हिम्मत सिंह जी की याद में 77वां जोड़ मेला आयोजित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा में रागी जत्थों ने कीर्तन व गुरुवाणी का बखान किया। कुंडा थाना क्षेत्र के पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में ग्राम दुर्गापुर स्थित गुरुद्वारा में संत बाबा हिम्मत सिंह जी की याद में आयोजित यह मेला आठ मार्च तक चलेगा। 4 मार्च से शुरू हुए अखंड पाठ का शुक्रवार को भोग पड़ा। इसके बाद रागी जत्थों ने कीर्तन व गुरुवाणी का गुणगान किया। शुक्रवार की रात दूसरे दीवान की शुरूआत रात साढ़े नौ बजे की गई। इससे पहले बीते बृहस्पतिवार को पुलिस प्रशासन की देखरेख में दुर्गापुर गुरुद्वारा से भव्य नगर कीर्तन पंच प्यारों की अगवाई में निकाल गया था। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में संगत ने शिरकत की। वहीं आयोजन के दौरान क्षेत्र के अलावा आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संगत पहुंच रही है और दरबार साहिब में मत्था टेका। वहीं मेले में खेल-खिलौने के अलावा खानपान के स्टाल सजे हुए हैं। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि जोड़ मेला का पुलिस-प्रशासन की देखरेख में आयोजन कराया जा रहा है।

### अखिल भारतीय वॉलीबाल टूर्नामेंट 11 से

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर 4 चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबॉल क्लब के तत्वाधान में 11 से 13 मार्च तक ग्रामीण एवं अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। आयोजन कमेटी के सदस्य निखिल कोरंगा उर्फ भैया व प्रताप सिंह कोरंगा ने बताया कि 11 मार्च को प्रातः 10 बजे से ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा, जिसका समापन सायं 6 बजे किया जाएगा। इसके बाद 12 मार्च को अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा, जबकि इसका समापन 13 मार्च को सायं 6 बजे होगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11000 रुपये व उपविजेता टीम को 7100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51000 रुपये तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

### प्रीत कौर का इंस्पायर अवार्ड में चयन

**कालाढूंगी।** आशीष मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल बेलपोखरा की कक्षा 9 की छात्रा प्रीत कौर का चयन विज्ञान के प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना



के अंतर्गत हुआ है। विद्यालय परिवार ने छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। छात्रा प्रीत कौर ने अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच के कारण ही यह उपलब्धि प्राप्त की है। छात्रा की इस उपलब्धि में विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका पायल थलिया का विशेष योगदान रहा है। छात्रा ने अपनी शिक्षिका के सही मार्गदर्शन और अथक परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की है। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति ने छात्रा के विज्ञान विषय के प्रति रुचि की सराहना करते हुए उम्मीद व्यक्त की गई कि भविष्य में भी छात्रा अपनी योग्यता से अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन करेगी। विद्यालय प्रबंधक तारादत्त सत्यवली ने छात्रा प्रीत कौर को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अन्य छात्र छात्राओं को भी प्रीत कौर से प्रेरणा लेने तथा भविष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यालय और अपना नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

**कालाढूंगी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कोटाबाग ब्लॉक की आंगनबाड़ी में जाकर चिकित्सकों की टीम द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों का स्वास्थ प्रशिक्षण कर स्वास्थ के प्रति जागरूक किया। शनिवार को कोटाबाग के कालाढूंगी नगर की वार्ड नंबर 4 की आंगनबाड़ी में टीम लीडर डाक्टर मंगल सिंह के नेतृत्व में बच्चों को साफ सफाई, पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या के बारे में बताया गया वही स्वास्थ के प्रति जागरूक भी किया गया कि हमे स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए इन तीनों बातों को अपनी जीवन शैली में उतरना होगा तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस दौरान टीम लीडर मंगल सिंह बिष्ट ने कहा हमें प्रतिदिन स्नान करना चाहिए। अपने आस पास साफ सफाई रखनी चाहिए। पौष्टिक आहार वाला भोजन लेना चाहिए। प्रतिदिन उठने से लेकर सोने तक का टाइम टेबल को अपना चाहिए तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस दौरानबच्चों की हाइट व वजन भी किया गया इस दौरान डाक्टर अंजू बिष्ट सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती रसीदा बेगम आदि मौजूद रहे।

### पंचायत भवन में विकास कार्यों को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** शनिवार को पंचायत भवन शांतिपुरी नंबर 2 में क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में नगला नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला ने शिरकत की और गांव के विकास कार्यों में नगर पालिका की ओर से सहयोग देने का आश्वासन दिया।



शुक्ला ने कहा कि शांतिपुरी मुख्य बाजार में सड़क के दोनों ओर टाइलें लगवाने, बाजार क्षेत्र में स्वचालित हाईमास्ट लाइट लगाने, गांव को स्वच्छ रखने के लिए कूड़ा एकत्रीकरण हेतु वाहन उपलब्ध कराने तथा खेती-किसानी से जुड़ी छोटी पुलिया व चार सौ मीटर सड़क निर्माण समेत सीवर संबंधी समस्याओं के समाधान में नगर पालिका ग्रामसभा का पूर्ण सहयोग करेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान शांतिपुर नंबर दो कविता तिवारी में दुग्ध संघ डायरेक्टर इंदर सिंह मेहता, दीपक तिवारी, मुन्ना तिवारी, कल्याण सिंह मटियानी, हरीश जोशी, हरीश कोरंगा उर्फ जॉन, कुशल सिंह कोरंगा, भाजपा मंडल महामंत्री टीकम कोरंगा, लक्ष्मण सिंह कोरंगा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि मनाई

**पंतनगर।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि के अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नाहेप भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जीवन देशभक्ति, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। उनके आदर्श और विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पंत जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# नेता प्रतिपक्ष को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कांग्रेसी नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या से मिलकर कालाढूंगी समस्याओं से अवगत कराया। शनिवार को कालाढूंगी विधानसभा के कांग्रेसी नेताओं ने



नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या से मिलकर कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं को बिंदुवार जनहित में रखा गया तथा उनसे इन मुद्दों को विधानसभा व अन्य मंचों पर मजबूती से उठाने का अनुरोध किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में पिछले वर्षों में हुई 6084 मौतों के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की गई। साथ ही कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधारने की आवश्यकता भी रखी गई।कालाढूंगी क्षेत्र में लगाए गए प्राधिकरण को स्थानीय जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल हटाने की मांग रखी गई। कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के आसपास के गांवों में गुलदार/बाघ की बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल है, जिस पर रोक लगाने तथा वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में सोलर फेंसिंग और सोलर लाइट लगाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में व्याप्त पेयजल समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पीयूष बिष्ट (पूर्व ग्राम प्रधान), अरनव कंबोज (जिला पंचायत सदस्य), कुलदीप तड़ियाल (पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख), कमल अधिकारी (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष) सहित अन्य जागरूक साथियों ने भी जनहित से जुड़े विषयों को मजबूती से रखा।

## ज्ञानार्थी के फैशन विद्यार्थियों ने जयपुर में किया तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज के फैशन विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहा. रिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान की राजधानी जयपुर के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राजस्थानी कला, ऐतिहासिक स्थापत्य और वस्त्र उद्योग से जुड़ी तकनीकों का गहन अध्ययन किया। पहला शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध अल्बर्ट हॉल म्यूजियम का दौरा किया। दूसरा शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम पूरी तरह फैशन और वस्त्र उद्योग को समर्पित रहा। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने हवा महल, जल महल और गैटोर की छतरियाँ की ऐतिहासिक स्थापत्य कला का भी अवलोकन किया। तीसरा शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम बाजार अनुसंधान पर केंद्रित रहा। विद्यार्थियों ने बापू बाजार और जोहरी बाजार में मार्केट सर्वे किया, जहां उन्होंने सांगानेरी फैब्रिक, मोजरी और लाख की चूड़ियों के निर्माण की प्रक्रिया को करीब से देखा। कॉलेज की सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह तथा डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को वास्तविक उद्योग से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ शिक्षिका सुप्रिया बिष्ट भी उपस्थित रहीं। कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा ने कहा कि संस्थान समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है ताकि विद्यार्थियों को नई तकनीकों और उद्योग की आवश्यकताओं की जानकारी मिल सके।

## बढ़ाया मान: यूपीएससी में राहुल शेखर की 75वीं रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के एक और प्रतिभाशाली अभ्यर्थी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विश्वविद्यालय के डा. बीरेन्द्र प्रसाद, प्रोफेसर, जेनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग के पुत्र राहुल शेखर ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 75वीं रैंक हासिल की है। राहुल शेखर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल, नैनीताल से प्राप्त की और इसके बाद आईआईटी कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की। इससे पहले



उन्होंने कई प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। वर्ष 2021 में उन्होंने इंजीनियरिंग सर्विसेज (आईईएस) परीक्षा में आल इंडिया रैंक 3 प्राप्त की थी। इसके अलावा, वर्ष 2024 में उन्होंने भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में 44वीं रैंक और यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 242वीं रैंक प्राप्त की थी, जिसमें उन्हें आईआरएस (इनकम टैक्स) कैडर आवंटित हुआ था। राहुल शेखर की इस अद्वितीय सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा राहुल की सफलता विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एक प्रेरणा है।

# असपा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आज़ाद समाज पार्टी के नव नियुक्त उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष



लेखराज गौतम के प्रथम बार हल्द्वानी आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत समारोह सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने जो ज़िम्मेदारी मुझे सौंपी है उसे उत्तराखंड के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के बिना पूरी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जल्द ही चंद्रशेखर आज़ाद को हल्द्वानी बुलाए जाने का कार्यक्रम बन रहा है। सभी वक्ताओं ने उनका बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभा में वारिस अंसारी, यासीन अंसारी, साहिल हुसैन, शारिक अंसारी, सैयद शावेज़ हसन, आकि अली, अफसर अंसारी आदि ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जीवन चंद्र आर्य, नफीस अहमद खान, विकास चौहान, नवीन मूलनिवासी, हरीश लोधी, अनवर अंसारी, सखावत हुसैन, सुंदरलाल बौद्ध, बालकिशन राम, महेश चंद्र आर्य, खीम चंद्र आर्य, इल्यास अंसारी, इरशाद, मोहम्मद वारिस, जीतराम, मदनराम, गिरीश चंद्र आर्य, कैलाश चंसर कमाल अहमद, फ़ईम अहमद, प्रेमा देवी, इंद्रा देवी, असलम खान, हबीब सैफी, मोहम्मद रिज़वान आदि उपस्थित थे।

### सूचना: नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डी.एल. संख्या UK-0420030077548 में त्रुटिवश मेरा नाम DEEWAN SINGH KAPKOTI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम DIWAN SINGH KAPKOTI है।

**दीवान सिंह कपकोटी**
पुत्र श्री अमर सिंह
शिवाजी कालोनी, रामपुर रोड,
समता आश्रम के पास, हल्द्वानी।































# महिला पर्यटक से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी दबोचा

## महिला की बहादुरी से नाकाम हुआ टैक्सी चालक, 10 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** महिला पर्यटक से दुष्कर्म का प्रयास और गलत नियत से रास्ता बदलकर लूट व मारपीट करने वाला टैक्सी चालक को पुलिस ने 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी युवक के पास से पुलिस ने पीड़िता से लूटा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया और घटना में प्रयुक्त वाहन को सीज करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि बीती 5 मार्च को दिल्ली की एक महिला पर्यटक देहरादून से होते हुए बस से हल्द्वानी पहुंची। हल्द्वानी पहुंचते-पहुंचते काफी रात हो गई थी। हल्द्वानी से ऑटो के जरिये वह काठगोदाम पहुंची और यहां से एक टैक्सी नैनीताल के लिए बुक की। टैक्सी में सवार होते ही महिला ने काठगोदाम-नैनीताल रूट गूगल मैप पर ऑन कर लिया। रात करीब डेढ़ बजे वल्दियाखान के पास टैक्सी चालक ने टैक्सी को नैनीताल ले जाने के बजाय पटवाडांगर की सूनसान सड़क पर मोड़ दिया। महिला ने मैप देखा तो पता लगा कि चालक गलत दिशा में जा रहा है। महिला ने विरोध किया तो चालक ने कार को सूनसान रास्ते पर रोक दिया था और ड्राइविंग सीट से उतर पिछली सीट पर बैठी महिला के पास पहुंच गया। उसने महिला से जोर-जबरदस्ती शुरू कर दी।

एसएसपी ने बताया कि महिला ने टैक्सी ड्राइवर से संघर्ष किया। उसे एक जोरदार लात मारी, जिससे वह कार से नीचे गिर गया। मौका पाकर महिला टैक्सी से निकल भागी और अंधेरे का फायदा उठाते हुए पत्थरों की आड़ में छिप गई। भोर होने पर स्थानीय महिला ने उसे देखा और मदद की। जिसके बाद सूचना पुलिस तक पहुंची। आनन-फानन में पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया, उसकी काउंसिलिंग कराई और आरोपी की तलाश में टीमें लग गईं। पता लगा जिस कार में वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई, उसमें जीपीएस लगा है। पुलिस ने जीपीएस की मदद से आरोपी को ट्रेस किया और उसे पाइंस-भवाली रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान गुजरौड़ा फतेहपुर मुखानी निवासी दीपक सिंह बोरा के रूप में हुई है। पुलिस ने कार के साथ पीड़िता से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। बताया जा रहा कि आरोपी टैक्सी चालक युवक एमबीपीजी से बीए का छात्र रह चुका है और पिता फौज से सेवानिवृत्त हैं। गुडवर्क करने वाली टीम में तल्लीताल थानाध्यक्ष मनोज सिंह नयाल, एसआई सतीश उपाध्याय, महिला एसआई बबीता, एएसआई सुनील कुमार, कांस्टेबल बृजमोहन व परमजीत सिंह शामिल थे।

## मानसिक अस्वस्थ महिला से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** बीते दिन वार्ड-11 में मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने जेल रोड शीशम बाग कॉलोनी के पास से घटना में प्रयुक्त ऑटो सहित आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि जिले में महिला सुरक्षा एवं अपराध की रोकथाम करने की दिशा में हल्द्वानी पुलिस लगातार काम कर रही है। एसएसपी ने बताया कि बीते दिनों वार्ड-11 नवाबी रोड क्षेत्र में एक घर में रहने वाली एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला संज्ञान में आया। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। तभी पुलिस टीम ने जेलरोड शीशमबाग कॉलोनी के पास से ऑटो सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम करन आर्या पुत्र राम सिंह निवासी नया गांव, कालाढूंगी बताया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ऑटो संख्य यूके04टीए-7131 को सीज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया। टीम में हीरानगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह, महिला एसआई आशा शर्मा, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल थे।

# 'कोशिश एक नई आशा' थाना दिवस आज

## एसएसपी के निर्देशन में लंबित शिकायतों का होगा निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** महिलाओं की सुरक्षा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। तय किया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के सभी थानों में कोशिश एक नई आशा थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाओं से जुड़ी लंबित शिकायतों के निस्तारण पर विशेष फोकस रहेगा।

एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने शनिवार को बहुउद्देशीय भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी थाना प्रभारियों, महिला हेल्पलाइन प्रभारी और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि 8 मार्च को जनपद के सभी थानों में थाना दिवस कोशिश एक नई आशा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा, शिकायतों के त्वरित समाधान और प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक थाने में महिला हेल्पलाइन और ऐच्छिक ब्यूरो में तीन माह से अधिक समय से लंबित शिकायतों के पक्षकारों को थाने बुलाकर मामलों के समाधान का प्रयास किया जाए। साथ ही महिला उत्पीड़न रजिस्टर और महिला शिकायत रजिस्टर का अवलोकन कर एक वर्ष, छह माह और तीन माह से अधिक समय से लंबित मामलों की अलग-अलग सूची तैयार कर अधिक से अधिक शिकायतों का निस्तारण करे। एसएसपी ने कहा कि भविष्य में महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखे। महिला दिवस के अवसर पर अवकाश को छोड़कर सभी महिला कर्मियों की थानों में अनिवार्य उपस्थिति रहेगी और प्रत्येक थाने में दिवस अधिकारी के रूप में महिला उपनिरीक्षक या अपर उपनि. रीक्षक की नियुक्ति की जाएगी। महिला कर्मियों को चीता मोबाइल और गश्त पिकेट में भी तैनात किया जाएगा। इसके अलावा थानों में महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों और मंगल दल के साथ गोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि थानों में दर्ज महिला उत्पीड़न और महिला शिकायत रजिस्टर का अवलोकन कर एक वर्ष, छह माह और तीन माह से अधिक समय से लंबित मामलों की अलग-अलग सूची तैयार कर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत प्रकोष्ठ को भी महिलाओं के साथ हुई धोखाधड़ी और उत्पीड़न से जुड़े लंबित मामलों का ब्योरा तैयार करने को कहा गया है। महिला दिवस के अवसर पर अवकाश को छोड़कर सभी महिला पुलिस कर्मियों की थानों में अनिवार्य रूप से मौजूद रहेगी। बैठक में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ रामनगर सुमित पांडेय, महिला समाधान केंद्र के सदस्य सहित जनपद के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## कार के पीछे स्कॉर्पियों ने मारी टक्कर, दो घायल

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड पर एक बार फिर तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी कार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में कार में बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गौजाजाली उत्तर निवासी फैज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह श्रीराम इंश्योरेंस में ब्रांच मैनेजर हैं। शनिवार को वह अपने दोस्त गौरव महतोलिया के साथ रुद्रपुर गए थे। वापसी के दौरान उन्होंने गन्ना सेंटर के पास एक दोस्त के फार्म हाउस के बाहर कार खड़ी की और खुद कार में बैठे रहे। तभी रुद्रपुर की ओर से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी कार के पीछे टक्कर मार दी। हादसे में फैज और गौरव को चोटें आईं, जबकि घटना के बाद से स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही स्कॉर्पियों को पकड़ लिया जायेगा।

## होली मनाने गांव गए, चोरों ने खंगाला घर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** होली मनाने पैतृक गांव गए एक परिवार को घर में ताला लगाने के बाद लाखों की चपत लग गई। अज्ञात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवर और हजारों की नगदी ले उड़े। यह घटना तब सामने आई जब परिवार के सदस्य अपने पैतृक गांव से बीते 5 मार्च को वापस घर लौटे। पीड़ित ने इस संबंध में मुखानी पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी गौड़धड़ा बिठौरिया नंबर-1 निवासी हेम चंद लोहनी ने बताया कि वह बीती 2 मार्च को अपने परिवार के साथ पैतृक गांव थापला, ताकुला जिला अल्मोड़ा होली मनाने गए थे। बीते 5 मार्च की शाम जब वह घर पहुंचे तो घर के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो घर के अंदर का सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना पीड़ित ने मुखानी पुलिस को दी। पीड़ित हेम चन्द्र ने बताया कि चोर घर में रखे सोने के जेवरात, दो तोले की मटरमाला, डेढ़ तोले की पाइपमाला, नथ, मांग टीका, दो तोले की पौंची, झुमके, दो तोले का हार और करीब 7 हजार रुपये नकदी ले उड़ें। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## शहर की बेटी हेमा बनीं लेफ्टिनेंट कर्नल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर की बेटी हेमा भाट ने लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर न केवल उत्तराखंड बल्कि महिलाओं का भी गर्व बढ़ाया है। सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर उमेद सिंह भाट की पुत्री हेमा का जन्म पिथौरागढ़ के ग्राम सिरतोली, जमतड़ी में हुआ था।



उनका परिवार वर्तमान में हल्द्वानी के डिफेंस कॉलोनी, भगवानपुर रोड, हिम्मतपुर तल्ला में निवास कर रहे है। हेमा ने 1 मार्च 2010 को मिलिट्री नर्सिंग सर्विस, आर्मी मेडिकल कोर में कमीशन प्राप्त किया था। उनके देश के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट सेवा को देखते हुए उन्हें 26 जनवरी 2023 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। बीते 1 मार्च को उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर पदोन्नत किया गया। वर्तमान में वे एयर फोर्स स्टेशन के एक मेडिकल यूनिट में अपनी सेवाएं दे रही हैं। हेमा के पति, कर्नल भीष्म चौहान भी भारतीय सेना में कार्यरत हैं और दोनों इस समय पंजाब में अपनी सेवा दे रहे हैं। हेमा का यह सफर न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे राज्य और देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# महिला दिवस पर सिंथिया स्कूल में प्रोग्राम

## वरिष्ठ शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान



शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाओं नीमा पाण्डेय और मंजू जोशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने विद्यालय की प्रगति में महिला शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज लोकल से ग्लोबल तक सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी विद्यालय या देश के सही और संस्कारित विकास की कल्पना महिलाओं के योगदान के बिना नहीं की जा सकती। इस मौके पर ममता लोहनी, ऋचा कर्नाटक, सीमा परिहार, धनेश्वरी बुद्धि, शीला बिष्ट, उदिता पाण्डेय, तनुजा भट्ट, नीता पालीवाल, तुलसी शर्मा, मीनाक्षी पुंडीर, शिवानी सिंह, मीना उप्रेती, रंजना तिवारी, रीना कार्की, गीता बोरा, गीता बिष्ट, अंकिता जोशी, निर्मला पांडे, नवनीता पांडे, कोमल बिष्ट, ईशा जंगपांगी, भूमिका तिवारी, डिंपल गुप्ता, चांदनी गैरा, नेहा, कैथरीन सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# रेट्रो साइलेंसर से शोर का विरोध करने पर चाकू से हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शनिवार देर शाम राजपुरा क्षेत्र में रेट्रो साइलेंसर से पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर बाइक सवार ने एक युवक की गर्दन पर चाकू मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने कोतवाली का घेराव कर राजपुरा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। जानकारी के अनुसार राजपुरा निवासी विश्वास वाल्मीकि शाम को अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी पास में ही रहने वाला एक युवक अपनी बाइक में लगे रेट्रो साइलेंसर से पटाखे फोड़ते हुए वहां से गुजरा। तभी अचानक पटाखों की आवाज से विश्वास डर गए। वह घर पहुंचे तो उन्होंने यह बात अपने बेटे आकाश को बताई। आकाश शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंच गया।

शिकायत पर आरोपी के पिता ने अपने बेटे को जमकर फटकार लगा दी। इससे नाराज आरोपी चाकू लेकर आकाश के घर पहुंच गया, और आकाश के गले के पिछले हिस्से पर चाकू मार दिया। बेटे पर चाकू से हमला देख जब विश्वास बचाने दौड़े तो आरोपी युवक ने उन पर भी हमलावर हो गया। यह देख आस-पास के लोग एकत्र हुए तो हमलावर वहां से भाग गया। जब उसको पकड़े के लिए उसके घर पहुंचे तो उसने छत से लोगों पर पत्थर मारने शुरू कर दिए। आनन फानन में लोगों ने आकाश को सुशीला तिवारी भर्ती कराया, और कोतवाली पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि राजपुरा में हर तरह का अपराध हो रहा है और राजपुरा पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। कोतवाल विजय मेहता ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और तकरीबन दो घंटे तक वह नाराज लोगों को मनाने की कोशिश करते रहे। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले की जांच की रही है।

## डा. दिशा तिवारी को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सारथी फाउंडेशन समिति की ओर से मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली की कैंसर विशेषज्ञ डा. दिशा तिवारी को सम्मानित किया गया।



डा. दिशा पहली बार हल्द्वानी पहुंचकर निशुल्क कैंसर परामर्श शिविर में मरीजों को सलाह देने आई थी। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। बता दे कि डा. दिशा तिवारी ने अपनी प्रारंभिक मेडिकल शिक्षा राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ से पोस्ट ग्रेजुएशन किया और मेडिसिन में डाक्टरेट की उपाधि हासिल की। चिकित्सा शिक्षा के दौरान उन्हें कई प्रतिष्ठित संस्थानों से सम्मान भी मिला है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत और सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने कहा कि हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में डा. दिशा तिवारी का योगदान सराहनीय है। उनके प्रयासों से लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक होने का अवसर मिल रहा है।

## इंग्लैंड को भाया लालकुआं डेयरी प्लांट



शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** खाद्य एवं कृषि संगठन एफएओ के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के आँचल डेयरी प्लांट का दौरा किया। इस दौरान इंग्लैंड से आए प्रतिनिधियों ने प्लांट की दुग्ध प्रसंस्करण और सहकारी मॉडल की कार्यप्रणाली को सराहा। टीम ने संयंत्र में दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संयंत्र की स्वच्छता और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं को एफएओ टीम ने विशेष रूप से सराहा। इंग्लैंड के प्रतिनिधियों ने किसानों से जुड़े सहकारी मॉडल की सराहना की और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। इस दौरान पशु आहार निर्माण शाला के सामान्य प्रबंधक राजेन्द्र सिंह चौहान, अनुराग शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह राणा, राजू दुम्का, आरसी आर्या, कमलेश कुमार, हेमंत पाल, विपिन तिवारी, कमल आदि मौजूद रहे।

## महिला लापता गुमशुदगी दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बाजार जाने की बात कहकर दो बच्चों की मां बच्चों को छोड़कर संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गई। इस मामले में लापता महिला के पति ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पीड़ित पति ने दी तहरीर में कहा कि वह यहां पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। बीती 28 जनवरी को उसके पत्नी बच्चों से यह कहकर निकली थी कि कुछ देर में सामान लेकर लौट आएगी, लेकिन घर नहीं लौटी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी गई है।

## राजेन्द्र बने उत्तराखंड राज्य आंदोलन मंच के जिलाध्यक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में निभायी गई सक्रिय भागीदारी व उत्तराखण्ड प्रदेश के हितों के लिए हमेशा सघर्षरत रहनें वाले राजेन्द्र सिंह बिष्ट को उत्तराखंड राज्य आंदोलन मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी ने उन्हें जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र जारी करते हुए आशा व्यक्त की है कि वह मंच के हित में कार्य करेंगे और नैनीताल जिले में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी मंच की कार्यकारणी का विस्तार कर राज्य आन्दोलनकारियों की विभिन्न मांगों के साथ-साथ राज्य हित के मुद्दों पर भी लगातार अपनी आवाज बुलंद करेंगें। बधाई देने वालों में विधायक सुमित हृदयेश, राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी, डा. बालम सिंह बिष्ट, कमल जोशी, राजेन्द्र सुयाल, मोहन पाठक, जगमोहन चिलवाल, केदार पलड़िया, हेम पाठक, कैलाश शाह, राजेन्द्र नेगी, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, भुवन तिवारी, प्रदीप अनेरिया, डीएन जोशी, भुवन जोशी, ज्योत्सना पांडे आदि मौजूद रहे।

# ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत शनिवार को हल्द्वानी स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का प्रथम त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नैनीताल, विवेक राय ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभिलेखों का रख-रखाव, प्रवेश-निकास रजिस्टर और ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों ने वेयरहाउस की समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी निरीक्षण में आमंत्रित किया गया, जिनमें जगदीश टम्टा बसपा, संजू उप्रेती आईएनसी, हरीश सिंह अधिकारी बसपा, मनीष पाल भाजपा और मनोज शर्मा आईएनसी शामिल थे। निरीक्षण में एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एचडी पाण्डे सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# बिन्दुखत्ता राजस्व गांवः समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता



**लालकुआं।** वन अधिकार समिति और पूर्व सैनिक संगठन बिंदुखत्ता ने वनग्राम बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की लंबित मांग को लेकर शनिवार को तहसीलदार पूजा शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में समिति और संगठन ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की, जिसे जिला स्तरीय वनाधिकार समिति ने 19 जून 2024 को सर्वसम्मति से पारित किया था। हालांकि, इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि बिंदुखत्ता के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने से बचने का आग्रह किया, क्योंकि पूर्व में भी इस पर रोक लगाई जा चुकी है। कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत देशभर में कई वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा मिल चुका है, और उत्तराखंड में भी यह प्रक्रिया लागू की जा चुकी है। ज्ञापन देने वालो में समिति अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, बसंत पांडे, उमेश भट्ट, इंद्र सिंह पनेरी, कैप्टन दलवीर कफोला, चंचल सिंह कोरंगा, नंदन बोरा, संध्या डालाकोटी, कविराज धामी, रमेश जोशी, केडी मिश्रा, एडवोकेट बलवंत बिष्ट, कैप्टन हीरा सिंह बिष्ट, बलवंत संबल, आनंद गोपाल सिंह बिष्ट, दीपक पांडे, नवीन जोशी, रज्जी बिष्ट, गौरव जोशी, रमेश कार्की, दया कृष्ण जोशी, दीपक नेगी, रेखा कार्की, दीपक जोशी मौजूद रहे।

## जांच समिति का गठन

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने हल्द्वानी स्थित चंदन हॉस्पिटल में उपचार के नाम पर अवैध वसूली, चिकित्सा में लापरवाही, आर्थिक शोषण एवं कुप्रबंधन की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांच समिति का गठन किया गया है। जांच समिति में अपर जिलाधिकारी अध्यक्ष, एवं नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को सदस्य नामित किया है। नामित सदस्य को चंदन हॉस्पिटल में ली जा रही फीस और निर्धारित स्वास्थ्य मानकों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। इस सम्बंध में अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने जानकारी रखने वाले सम्बद्ध या असम्बद्ध व्यक्तियों से अपील की है कि इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर अपना मौखिक अथवा लिखित बयान, अधिकथन अथवा उक्त के संबंध में कोई भी साक्ष्य हों तो, तो वह किसी भी कार्य दिवस को गठित जांच समिति के किसी भी अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## पौधरोपण अभियान को 600 दिन हुए पूरे

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व डीडीहाट से विधानसभा प्रत्याशी राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शनिवार को 600 दिन पूरे हो गए हैं। पौधारोपण अभियान के 600वें दिन सालगिरह को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए डीडीहाट निवासी पृथ्वी पाल सिंह चूफाल (गोल्डी) व गीता ने अपनी 28वीं सालगिरह पर डीडीहाट शहर स्थित नगर पालिका के पार्क में पौधारोपण किया। पृथ्वीराज चुफाल ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगे व अन्य को भी प्रेरित करेंगे। पालिका अध्यक्ष गिरीश चूफाल ने कहा कि शीघ्र ही नगर पालिका के अन्य पार्कों पर भी पौधारोपण किया जाएगा।

## ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक

**हल्द्वानी।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक शनिवार को परिवहन निगम के हल्द्वानी डिपो में आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 9 से 11 मार्च तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय आंदोलन समिति द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में कुमाऊं मंडल से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया जाएगा, जिस पर सदस्यों ने दिल्ली जाकर आंदोलन में भाग लेने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की। बताया गया कि कुमाऊं मंडल से लगभग 250 लोग धरने में शामिल होने के लिए सहमत हो चुके है और यह संख्या बढ़ भी सकती है। दिल्ली में रुकने की व्यवस्था गढ़वाल भवन पंचकुइयां रोड में की गई है। रुकने की व्यवस्था अथवा अन्य जानकारी के लिए प्रांतीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह अधिकारी तथा आरके वालिया से संपर्क किया जा सकता है। बैठक के अंत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्व. पूरन सिंह चौधरी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक जगत सिंह डोबाल, गणेश मेलकानी, भूपेंद्र सिंह अधिकारी, मधुसूदन लोहनी, बृजमोहन सिजवाली, राम दत्त पपनै, मनोहर रावत, ठाकुर सिंह रावल, पान सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## दीपक बने अध्यक्ष, निधि बनी सचिव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा होली मिलन और वार्षिक चुनाव का कार्यक्रम शनिवार को रामपुर रोड एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। उसके पश्चात भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय अध्यक्ष विनय खुल्लर और क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा के निर्देशन में संपन्न हुई। जिसमें दीपक बख्शी को अध्यक्ष, डा. निधि अग्रवाल को सचिव और मनीष अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, क्षेत्रीय संयोजक संस्कार पाला मेहता, अमित अग्रवाल, एकता अग्रवाल, डा.अभिषेक मित्तल, मोनिका मित्तल, जितेंद्र साहनी, मीनू गुप्ता, सीमा बक्शी, प्रदीप बिष्ट, डा. अतुल राजपाल व विपुल अग्रवाल रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गोतस्करों के विरुद्ध कड़ा एक्शन

- यूपी के पांच गौ मांस तस्करों को पकड़ा
- गाड़ी, एक बाइक, 250 किलोग्राम प्रतिबंधित गोमांस व उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** एसएसपी अजय गणपति के निर्देशानुसार मुखबिर की सूचना पर ऊधम सिंह नगर जसपुर पुलिस के द्वारा गोवंश स्क्वाड के साथ मिलकर 250 किलोग्राम प्रतिबंधित गौ मास तथा उपकरण के साथ यूपी के पांच गौ मांस तस्करों को मौके से मय गाड़ी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के द्वारा जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को अवैध व्यक्तियों की गतिविधियों पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में जसपुर पुलिस के द्वारा गोवंश स्क्वाड के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना के आधार पर पुराने स्लॉटर हाउस ग्राम राजपुर में दबिश देकर पांच व्यक्तियों को 250 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया गया, जिनके द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा ग्राम रघुवाला में आवारा घूमती गाय को पड़कर उसको काटकर उसका प्रतिबंधित मांस को आसपास के क्षेत्र में बेचा जा रहा है। बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में पांचों व्यक्तियों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया। पकड़े गए अभियुक्तगणों जमील अहमद पुत्र खलील अहमद, मोहम्मद अरमान पुत्र जुम्मा, फहीम पुत्र जुल्फिकार, वसीम पुत्र जुल्फिकार, इरशाद



पुत्र अबरार को अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा उन्हें जेल भेज दिया।

पुलिस ने मौके से 250 किलो प्रतिबंधित मांस, मांस काटने में प्रयुक्त औजार- एक चापड़, दो कुल्हाड़ी, तीन छुरियां, एक लकड़ी का गट्टू ,मास को तोले में प्रयुक्त होने वाला इलेक्ट्रॉनिक तराजू, इसके अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त एक थ्री व्हीलर नंबर UK18TA 1828 और एक मोटरसाइकिल नंबर UP21DK6498 को भी कब्जे में लिया गया है।ढकोतवाल राजेन्द्र सिंह डांगी ने मीडिया से बताया कि अभियोग दर्ज कर गहनता से जांच की जा रही है अन्य स्थानीय व्यक्तियों के विरुद्ध साक्ष्य प्राप्त होने कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसआई संतोष देवरानी चौकी प्रभारी नादेही, कांस्टेबल अशोक पवार, मनोज रावत, दीपक जलाल और गोवंश स्क्वाड टीम में एसआई पंकज बेलवाल प्रभारी गोवंश स्क्वाड, हेड कांस्टेबल प्रमोद जोशी, का. अहसान अली, पुष्कर राठौर, देव कुमार, संजीव कुमार टीम के सदस्य शामिल रहे।

# नगर पालिका पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप

- आरोपों की जांच करने रामनगर पहुंचे एडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका परिषद रामनगर में वित्तीय अनियमिताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोपो की गई शिकायत को लेकर शनिवार को अपर जिलाधिकारी नैनीताल शैलेंद्र सिंह नेगी रामनगर नगर पालिका पहुंचे। जहां उन्होंने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की बारीकी के साथ जांच की।

रामनगर के रहने वाले अरविंद कुमार द्वारा वित्त सचिव को लिखित शिकायत करते हुए रामनगर नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि नगर पालिका द्वारा 61 निविदा निकली गई थी लेकिन उन्हें कैंसिल कर दिया गया था। इसके बाद यह निविदा दोबारा निकल गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व जी 20 समिट रामनगर में हुई थी उसमें भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। वित्त सचिव द्वारा लगाए गए



आरोपों की जांच के लिए जिलाधिकारी नैनीताल को निर्देशित किया गया था, जिसमें जिलाधिकारी नैनीताल में मामले की जांच के लिए जांच अधिकारी अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी को बनाते हुए मामले की जांच करने का आदेश दिए थे, जिसके क्रम में शनिवार को अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी रामनगर नगर पालिका पहुंचे और उन्होंने मौके पर शिकायतकर्ता को बुलाकर लगाए गए आरोपों की संबंध में जांच की और नगर पालिका के अधिकारियों से भी पूछताछ की। शिकायतकर्ता द्वारा कहा गया है कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार का बोलवाला है, ऐसे इसकी जांच होना आवश्यक है और उन्होंने इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

मामले में अपर जिलाधिकारी का कहना है कि आज उनके द्वारा इस प्रकरण की जांच के बाद जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी वही। मामले में जांच को लेकर नगर पालिका में हड़कंप मचा हुआ है।

## एक नजर

# विधायक ने किया हॉटमिक्स मार्ग का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राज्य योजना से 2.83 करोड़ की लागत मुख्य बाजार में स्वीकृत दो किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण के क्रम में विधायक शिव अरोरा ने भगत सिंह चौक से डा. डोगरा क्लिनिक को जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक अरोरा ने उस क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारियों से नारियल फुड़वाकर निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई।

विधायक अरोरा बोले उनके प्रयास से मुख्य बाजार में दो किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग स्वीकृत हुए थे, जिसमे अधिकांश मार्ग दीपावली से पूर्व ही पूर्ण हो चुके थे, जिसमे पंजाबी मार्किट, गुरुद्वारा गोल मार्किट, गुप्ता मेडिकल गली, वीर हकीकत मार्ग, बंसल ज्वेलर्स मार्ग, पांच मन्दिर मार्ग, डा. बठला अस्पताल गली बेहद खस्ता हाल थी जिनके निर्माण होने के बाद सूरत बदल चुकी है। विधायक ने कहा निश्चित रूप से यह मार्ग के निर्माण से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान केवल बत्रा, नरेश ग्रोवर, गुलशन नारंग, सुरमुख सिंह विर्क, राजकुमार खनिजो, अशोक गुम्बर, संदीप डोगरा, जगदीश टंडन,मयंक कक्कड़,मोहित बत्रा, मोहित चड्डा, मनोज मदान, हरबंस गुम्बर, सुनील यादव, नमन चावला, शिवम खुराना, गौरव गांधी आदि लोग मौजूद रहे।

# वन विभाग की कार्रवाई में खैर के 12 लट्ठे व मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वन विभाग की टीम ने ग्राम हजीरा क्षेत्र में अवैध लकड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुख्य मार्ग के किनारे स्थित गन्ने के खेत से 10 नग खैर के लट्ठे तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की। टीम को क्षेत्र में अवैध रूप से खैर की लकड़ी छिपाकर रखे जाने की सूचना



मिली थी। सूचना के आधार पर की गई तलाशी के दौरान गन्ने के खेत से 10 खैर के लट्ठे बरामद किए गए। इसके बाद मिली एक अन्य सूचना के आधार पर नमूना क्षेत्र की झाड़ियों में छिपाकर रखे गए 2 नग खैर प्रकाष्ठ भी टीम ने बरामद कर लिए। वन विभाग की टीम ने बरामद समस्त खैर प्रकाष्ठ एवं मोटरसाइकिल को बरहैंनी नर्सरी लाकर कब्जे में ले लिया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के अनुसार बरामद लकड़ी की कीमत हजारों रुपये आंकी जा रही है।

# गोशन के आठ विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के गोशन स्कूल से 8 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के प्रबंधक डा. सुरेश चंद्र जोशी ने बताया कि कक्षा- 6 प्रवेश हेतु पार्थ काण्डपाल एवं प्रभलीन कौर, जबकी कक्षा 9 प्रवेश हेतु मिहिर काण्डपाल, भावना, निशिका, गुरविंदर सिंह, हर्ष एवं नमन जोशी ने सैनिक स्कूल की लिखित



परीक्षा उत्तीर्ण की। डा. जोशी ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी एवं अग्रिम परीक्षा चरणों के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्षा सरोज जोशी, प्रधानाचार्य प्रकाश काण्डपाल, दमनप्रीत कौर, हेम काण्डपाल, शिवदत्त जोशी, नीरज जोशी, दीपक सक्सेना, मीनाक्षी मिश्रा, चारू जोशी, डीएन गंगवार, सोनी काण्डपाल, किरन परगाई, कशिश भट्ट व समस्त शिक्षकगणों ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शनिवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा दृष्टि से लगाए गए सीसी टीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रो को भी देखा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखी जाए तथा सीसीटीवी कैमरे के स्टोरेज बैकअप पर भी नजर रखं साथ ही वेयर हाउस की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी, जिला मंत्री भाजपा गजेन्द्र प्रजापति, कांग्रेस से मनोज कुमार सिंह, आप से किरन पाण्डे विश्वास आदि मौजूद थे।

# सर्व समाज कल्याण समिति और लघु व्यापार मंडल का सामूहिक विवाह का आयोजन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सर्व समाज कल्याण समिति और लघु व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप के तत्वावधान में नौवां सामूहिक विवाह का आयोजन आज रविवार को ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 9 वर्षों से सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है और इस बार भी सर्व समाज के सहयोग से सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। जिसमें 21 नव विवाहित जोड़ो का विवाह कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गल्ला मंडी से बारात प्रारंभ होगी जो मुख्य बाजार, झील होते हुए कैंप के फुटबॉल मैदान पहुंचेगी, जहां बारात का भव्य स्वागत किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि हिंदू रीति रिवाज और गायत्री परिवार की ओर से विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा। जिसमें दूधिया मंदिर के शिवानंद महाराज, मंदिर मनकामेश्वर के स्वामी नारायण चैतन्य, सोमानंद महाराज, अशोक महाराज समेत तमाम साधु संत वर वधु को आशीर्वाद देंगे। इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े गणमान्य लोग भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

लघु व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बताया कि पूरी जांच पड़ताल के बाद 21 जोड़ों का चयन किया गया है जो सभी मानकों पर खरे उतरते हैं।

विवाह को लेकर तैयारी संपूर्ण हो चुकी हैं। संस्था व जन सहयोग से वर वधु को उचित दान दहेज देकर विदा किया जाएगा, जिसमें डबल बेड, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, सिलाई मशीन, पंखा, बर्तन इत्यादि शामिल है।

इस दौरान भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान मनोज गुप्ता, विकास बंसल, कमलदीप सोनकर, मधु डे, अशोक शाह, गौरव ,दीप गुप्ता पूरन पांडेय, संजीव लाला, गौरव दीक्षित,गायत्री परिवार के अनुज अग्रवाल ने बताया कि वर्ष भर गायत्री परिवार की ओर से विवाह, धार्मिक आयोजन कराए जाते हैं उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में गायत्री परिवार अपना पूरा सहयोग देगा।

# पुलिस ने किया अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

- रामपुर के दो शातिर चोर दबोचे, चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अपनाए गए सख्त रुख के अनुपालन में कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने वाहन चोरी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद करने में सफलता हासिल की है।

बता दें कि पांच मार्च 2026 को स्थानीय जनता ने एक चोरी की



मोटरसाइकिल के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और उन्हें कोतवाली रुद्रपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बिना समय गंवाए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनसे गहन पूछताछ शुरू की। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने विभिन्न स्थानों से कई मोटर साइकिलें चोरी की हैं। चोरों ने खुलासा किया कि चोरी की गई कुछ मोटरसाइकिलें उन्होंने जनपद रामपुर, उत्तर प्रदेश के थाना बिलासपुर क्षेत्र में छिपाकर रखी हैं। अभियुक्तों की निशानदेही पर छह मार्च 2026 को वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के बिलासपुर क्षेत्र अंतर्गत पैगम्बरपुर में दबिश दी। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन अतिरिक्त चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इस प्रकार पुलिस ने कुल चार मोटरसाइकिलों के साथ वाहन चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा किया। पकड़े गए आरो. पियों की पहचान महेंद्र सैनी पुत्र मुंशी लाल निवासी पैगम्बरपुर, थाना बिलासपुर और शाहिल पुत्र छोटे निवासी टांडा हरमतनगर, थाना बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से ब्लैक और सिल्वर रंग की स्प्लेंडर प्लस (यूपी 21 सीजे 4109), ब्लैक स्प्लेंडर प्लस (यूके 06 बीसी 9807), स्प्लेंडर (यूके 06 जेड 3070) और एक एचएफ डीलक्स (यूके 06 बीबी 5974) बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल जोशी, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल प्रवीण रावत, हरीश बिष्ट और हिमांशु टम्टा शामिल रहे।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल . 2015 की रात्रि को 10.00 बजे आरा. पी शमशेर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह, करन सिंह पुत्र शमशेर सिंह निवास. गण ग्राम- कन्दला पोस्ट-हल्दूवा पीरूमदारा रामनगर और राणा सिंह उर्फ राना सिंह उर्फ गुन्नी पुत्र जरनैल सिंह,निवासी-जलालाबाद तहसील-जलालाबाद थाना-सी टी जिला-फाजलका, के द्वारा घर मे घुसकर परिजनो के साथ लाठी डण्डो से मारपीट कर गाली गलोज करते एजान से मारने की धमकी दी और उसके साथ छेड़छाड़ भी की। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 65 वीं जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 65 वीं पुण्यतिथि पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी, अधिवक्ता हरीश जोशी, हरीश वर्मा, महेश राणा, प्रेम प्रकाश जोशी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। पालिका अध्यक्ष रामू जोशी ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के योगदान को याद करते हुए कहा कि वह एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं आधुनिक उत्तर प्रदेश के निर्माता थे और समाज में किए गए उनके द्वारा कार्यों को हम सदैव याद रखेंगे एवं उनसे प्रेरणा लेंगे।

# एसपी सिटी ने किया कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

- मालखाना और शस्त्रागार का लिया जायजा
- पुलिसकर्मियों से खुलवाकर देखे असलहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी ने शुक्रवार को कोतवाली रुद्रपुर का विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, कार्यालय अभिलेखों के रखरखाव और बंदी गृह सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने मालखाने की व्यवस्थाओं को देखा और मालखाना इंचार्ज को लंबित माल के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष रूप से शस्त्रगार के निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों की दक्षता परखने के लिए उनसे असलहे खुलवाकर और दोबारा जुड़वाकर देखे। उन्होंने शस्त्रों के नियमित रखरखाव और साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। कोतवाली परिसर के पुराने भवनों और बैरक के रखरखाव को और अधिक दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के कार्यस्थल का वातावरण स्वच्छ और व्यवस्थित होना चाहिए। निरीक्षण के अंत में एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी ने कोतवाली पुलिस को जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी के दौरान अनुशासन और जनता के प्रति शालीन व्यवहार पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

इस दौरान कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई अनिल जोशी, चौकी प्रभारी आदर्श कॉलोनी सुरेंद्र सिंह, एसआई चंदन बिष्ट, एसआई प्रियांशु जोशी, एसआई मोहन चंद्र जोशी, एसआई दीपक बहुगुणा, एएसआई नवीन जोशी, एएसआई अमित कुमार, एएसआई संतोष खरवार, मालखाना इंचार्ज नंदू जोशी, हेड कांस्टेबल प्रवीण गोस्वामी, दिलीप कुमार, हिमांशु टम्टा, महेश राम, हरि सिंह बिष्ट, ममता आर्य और सुनीता सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान



- पालिका प्रशासन ने 11 लोगों के काटे चलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका परिषद रामनगर प्रशासन ने रामनगर के कोसी रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

नगर पालिका द्वारा चलाए गए अभियान से अतिक्रमणकारियों में जहां एक और हड़कंप मच गया तो वहीं कई अतिक्रमणकारियों अपना सामान लेकर भागते हुए दिखाई दिए अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि एसडीएम रामनगर गोपाल सिंह चौहान के दिशा निर्देश पर शनिवार को पालिका टीम द्वारा कोसी रोड और चुड़ी गली पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया की कार्रवाई के दौरान कई अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा 11 चलान किए गए और उनसे 6500 रुपये जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ पालिका का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के द्वारा सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है, वह स्वयं अपना अतिक्रमण हटा ले अन्यथा नगर पालिका प्रशासन द्वारा इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, नगर पालिका टीम में नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल, नगर पालिका प्रधान सहायक आनंद सांगा, नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां आदि मौजूद रहे।

# एस्कॉर्ट फार्म भूमि मामले में डीएम ने की सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर की तहसील काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया द्वारा शनिवार को जिला सभागार में याचिकाकर्ताओं की उपस्थिति में सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने याचिकाकर्ताओं को साक्ष्य/अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु एक सप्ताह का अन्तिम अवसर दिया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर की तहसील काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई करते हुए पृथक-पृथक आदेश पारित किये गए है। जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पारित उपरोक्त आदेश के अनुपालन अनुरुप याचिककर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर सुनवाई करते हुए अपने-अपने समर्थन में साक्ष्य/अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु एक सप्ताह का अन्तिम अवसर दिया गया। सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, ओसी ऋचा सिंह, गौरव पाण्डेय, जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार तिवारी, बरीत सिंह, पटल सहायक सचिन काला सहित याचिकाकर्ता आदि मौजूद थे व वर्चुअल माध्यम से उप जिलाधिकारी काशीपुर, तहसीलदार जुड़े थे।

# राजस्व विभाग ने बेमौसम धान की पौध की नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड सरकार द्वारा बेमौसम धान की फसल पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

शनिवार सुबह बाजपुर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम हरिपुरा हरसान में पहुंचकर प्रतिबंधित धान की पौध को नष्ट कराया। तहस. ीलदार प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कानूनगो धनंजय सिंह, लेखपाल कुलदीप



सिंह, सुरेश धामी, होमगार्ड सलीम अहमद अंसारी, ओम प्रकाश और किशन सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने खेतों में लगी बेमौसम धान की पौध को नष्ट करते हुए किसानों को सरकार के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार बेमौसम धान की खेती पर रोक है। यदि कहीं भी प्रति. बंधित धान की खेती पाई जाती है तो उसके खिलाफ इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

- टीकाकरण व रजिस्ट्रेशन के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम पंचायत बरहैनी में शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर, सुपरवाइजर जानकी जोशी तथा न्याय पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मिलकर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को एसआईआर फॉर्म भरने, परिवार रजिस्टर से मायके का निरस्तीकरण कराने, राशन कार्ड में आवश्यक संशोधन कराने तथा विवाह का पंजीकरण यूसीसी के माध्यम से कराने के



लिए प्रेरित किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण कराने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# पार्किंग परियोजनाओं पर डीएम की सख्ती

■ हस्तांतरण में देरी पर अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई ने जाखनी क्षेत्र में ब्रिडकुल द्वारा निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित ब्रिडकुल एवं विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पार्किंग का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि जल एवं विद्युत कनेक्शन से संबंधित कुछ कार्य अभी शेष हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात पार्किंग को नगर निगम को हस्तांतरित किया जाएगा, जिससे शहरवासियों को पार्किंग सुविधा का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण के कनिष्ठ अभियंता से पार्किंग की संरचना, क्षमता एवं अन्य कार्यों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उत्तर संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कनिष्ठ अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर पार्किंग को जल्द से जल्द उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कृष्णापुरी क्षेत्र में ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा निर्मित मल्टी स्टोरी पार्किंग का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पार्किंग का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद अभी तक इसका हस्तांतरण नहीं किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए पार्किंग के तत्काल हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर इसे आमजन के उपयोग हेतु उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए पार्किंग सुविधाओं का समयबद्ध निर्माण और संचालन अत्यंत आवश्यक है।

# पूर्णागिरि दर्शन को आई दो महिलाएं शारदा घाट में डूबने से बाल-बाल बचीं

■ जल पुलिस की तत्परता से दोनों की बची जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए उत्तर प्रदेश से आई दो महिलाएं शनिवार सुबह शारदा घाट में स्नान के दौरान अचानक गहरे पानी में चली गईं। स्थिति गंभीर होती देख मौके पर मौजूद जल पुलिस और बचाव दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2026 को सुबह लगभग 8 बजे सरोज (35 वर्ष) पत्नी मुकेश कुशवाहा और राधा (45 वर्ष) पत्नी केशी, निवासी इटावा (उत्तर प्रदेश) मां पूर्णागिरी मंदिर के दर्शन के लिए टनकपुर पहुंची थीं। दर्शन से पहले दोनों महिलाएं शारदा नदी के शारदा घाट पर स्नान कर रही थीं। इसी दौरान पैर फिसलने से वे अचानक गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। मौके पर मौजूद जल पुलिस और बचाव दल ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत नदी में उतरकर दोनों महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस रेस्क्यू अभियान में जल पुलिस के राकेश गिरी, गोताखोर रविंद्र कुमार तथा पीआरडी जवान सूरज शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### चम्पावत के लाल अनुज पंत का कमाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जनपद चम्पावत के विकासखंड बाराकोट की ग्राम पंचायत छुलापे से जुड़े होनहार युवक अनुज पंत ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 69वीं रैंक हासिल कर इतिहास रच दिया है। अनुज की इस उपलब्धि से पूरे चम्पावत जनपद सहित प्रदेश भर में खुशी और गर्व का माहौल है।

**यूपीएससी में ऑल इंडिया 69वीं रैंक से रचा इतिहास**

मूल रूप से छुलापे गांव के निवासी अनुज पंत का परिवार वर्तमान में गाजियाबाद में निवास करता है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गाजियाबाद में ही हुई। अनुज ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की और अपने दृढ़ संकल्प व मेहनत के बल पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। गौरतलब है कि इससे पहले भी अनुज पंत ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया 345वीं रैंक प्राप्त की थी और उनका चयन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए हुआ था। अब दूसरी बार परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 69वीं रैंक हासिल कर नई मिसाल कायम की है। अनुज के पिता दिनेश चंद्र पंत गाजियाबाद की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि माता नीमा पंत गृहिणी हैं। अनुज पंत की इस सफलता पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें फोन कर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे और बड़े मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार ने भी अनुज को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को जनपद के लिए गर्व का विषय बताया।

### मांगों को लेकर नगर पंचायत में कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी में देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर काम का बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों ने ठेका प्रथा समाप्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

कर्मचारियों का कहना है कि उत्तराखंड के अन्य राज्यों की तर्ज पर ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए और पर्यावरण मित्रों को पूर्ण वेतन दिया जाए। साथ ही वर्ष 2022 में की गई मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार एरियर का भुगतान किया जाए तथा नगर पंचायत में 15 अतिरिक्त पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति की जाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों को समय-समय पर अपमानित किया जाता है और बिना कारण कार्य से हटा दिया जाता है।जिससे पर्यावरण मित्र मानसिक रूप से परेशान हैं। इसी के विरोध में सभी पर्यावरण मित्रों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। और इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी। इस दौरान मनोज बाल्मीकि, बाबू लाल, राजू, मोहित, आकाश, राखी, अल्का, प्रभा, राहुल और गौरव सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# रजत जयंती पार्क निर्माण में डीपीआर के तहत कार्य करने की मांग

■ भविष्य में रामलीला आयोजन पर जताया विरोध
■ वार्ड 6 के लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पार्क में रामलीला न कराने की उठाई मांग
■ आवास विकास के रजत जयंती पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर उठे सवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर के वार्ड संख्या 6, आवास विकास के निवासियों ने रजत जयंती पार्क के निर्माण को लेकर प्रशासन से डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के अनुसार कार्य कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने पिछले माह उपजिलाधिकारी गदरपुर को ज्ञापन सौंपकर पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड संख्या 6 स्थित रजत जयंती पार्क में इन दिनों सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्य चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्य शासन द्वारा जारी डीपीआर के अनुरूप नहीं हो रहा है।

उन्होंने आशंका जताई कि कुछ लोग राजनीतिक दबाव बनाकर डीपीआर और नक्शे में बदलाव कराने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे पार्क के मूल स्वरूप और उद्देश्य पर असर पड़ सकता है। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पार्क का निर्माण केवल शासन द्वारा स्वीकृत डीपीआर के अनुसार ही कराया जाए। इसके अलावा उन्होंने पार्क परिसर में रामलीला जैसे बड़े आयोजनों को अनुमति न देने की भी अपील की है। उनका कहना है कि ऐसे आयोजनों से ध्वनि प्रदूषण, गंदगी और चोरी-चकारी जैसी समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो सकती है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि पार्क में रामलीला या अन्य बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं तो पार्क के सौंदर्यीकरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही ऐसे आयोजनों के दौरान तेज आवाज और भीड़-भाड़ के कारण बच्चों की पढ़ाई पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले में उचित जांच कराकर पार्क निर्माण कार्य को डीपीआर के अनुसार ही पूर्ण कराने और पार्क के शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखने की मांग की है।

ज्ञापन में हस्ताक्षर में करने में मो. हनलाल खेड़ा, भगवान दास गुंबर, महेंद्र पुनियानी, नरोत्तम दास, एसके छाबड़ा, बलदेव गाबा, अशोक बजाज, चांकित हुडिया, राजेंद्र जोशी, धर्मपाल हुडिया, हेमंत जोशी, वाजिद राजा, आशीष कुमार, नवल खेड़ा, संजय श्रीवास्तव शामिल थे।

> आवास विकास में स्थित रजत जयंती पार्क का कार्य वैधानिक रूप से सही हो रहा है। इसके अलावा अगर किसी को आपत्ति है तो वह जांच करवा सकता है। रही रामलीला की बात तो जैसी प्रभु की इच्छा होगी वैसा ही आने वाले दिनों में होगा।
>
> **रमन छाबड़ा**
> **सभासद वार्ड नंबर 6 गदरपुर**

## राजनीति की भेंट चढ़ता आवास विकास का रजत जयंती पार्क

**गदरपुर।** आवास विकास वार्ड नंबर 6 में स्थित रजत जयंती पार्क अभी बन भी नहीं पाया है कि उस पर राजनीति की छाया पड़ने लगी है। कुछ लोगों द्वारा उपजिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भविष्य में पार्क में रामल. ीला जैसे धार्मिक कार्यक्रमों की अनुमति न देने की मांग ने पूरे क्षेत्र में बहस छेड़ दी है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वर्षों से सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों की परंपरा रहे कार्यक्रमों से आपत्ति क्यों? स्थानीय लोगों का कहना है कि रामलीला जैसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का काम करते हैं, जबकि विरोध करने वाले इसे असुविधा और शांति व्यवस्था से जोड़ रहे हैं, लेकिन कई लोग इसे सीधे-सीधे राजनीति से प्रेरित कदम मान रहे हैं। पार्क का उद्देश्य जहां लोगों को मनोरंजन और सामुदायिक गति. विधियों के लिए एक स्थान देना है, वहीं इस तरह के विवाद से साफ है कि विकास से पहले ही उस पर खींचतान शुरू हो गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर क्या फैसला लेता है।

### चंपावत के किसान कीवी खेती का गुर सीखने के लिए बागेश्वर रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जिलाधिकारी मनीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**चंपावत।** जनपद में बागवानी के क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाशने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से कीवी खेती के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किसानों को ले जा रहे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर बागेश्वर जिले के शामा क्षेत्र के लिए रवाना किया। जनपद से कुल दो वाहनों के माध्यम से 20 प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। यह विशेष प्रशिक्षण भ्रमण 7 मार्च से 9 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें किसानों को कीवी की उन्नत और वैज्ञानिक खेती की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ला ने बताया कि कीवी वर्तमान समय में एक उच्च मूल्य वाली नकदी फसल के रूप में तेजी से उभर रही है और चंपावत जिले की जलवायु इसके उत्पादन के लिए बेहद अनुकूल है। उन्होंने कहा कि बागेश्वर के शामा क्षेत्र में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को केवल सैद्धांतिक जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें खेतों में ले जाकर पौधों के रोपण, वैज्ञानिक ढंग से कटाई-छंटाई, पोषण प्रबंधन तथा विभिन्न रोगों से बचाव की व्यावहारिक जानकारी देना है। प्रशिक्षण के लिए गए दल का नेतृत्व सहायक विकास अधिकारी (उद्यान) आशीष रंजन खंडूड़ी कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए विश्वास जताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों के लिए लाभकारी साबित होंगे और बागवानी के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेंगे।

# सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में 'स्पर्धा-2026' खेल सप्ताह का सफल आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर में एक सप्ताह दिवसीय खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा-2026' का आयोजन किया गया। सभी खेलों में छात्र-छात्राओं का उत्साह चरम पर देखने को मिला। इस कार्यक्रम में वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, 100 तथा 200 मीटर दौड़, डिस्क थ्रो, क्रिकेट, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, टग ऑफ वार आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पहले दिन सभी खेलों के क्वालीफायर राउंड आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्येक खेल से सेमीफाइनल तथा फाइनल के लिए टीमें चुनी गईं। दूसरे दिन सभी खेलों के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुक. ाबले सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरीश प्रसाद होता (प्रधानाचार्य, किड्स पैराडाइज स्कूल, दिनेशपुर) तथा नीरज कुमार अग्रवाल (प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर) रहे। कार्यक्रम का संचालन चंदन राणा द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं में खो-खो बालक वर्ग में एप्लाइड साइंस तथा बालिका वर्ग में मैनेजमेंट ने विजय प्राप्त की। क्रिकेट प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग टीम विजेता रही, जबकि कबड्डी में मैनेजमेंट के छात्रों ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बी. फार्म के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में अभिषेक (बी.बी.ए.) तथा 100 मीटर बालिका वर्ग में तनिष्का को. हली (सिविल) एवं 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में अमृत कौर (बी.एससी. नर्सिंग) ने विजय प्राप्त की। जेवलिन थ्रो बालक वर्ग में प्रियांशु बिष्ट (बी.सी.ए.) तथा बालिका वर्ग में अमृत कौर (बी. एससी. नर्सिंग) तथा डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में गौतम (बी. फार्म) और बालिका वर्ग में आंचल (जी. एन.एम.) विजेता रहीं। कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मनीष बैरागी एवं भारत किशोर (बी.बी.ए. ) तथा बालिका वर्ग में नंदिता एवं अर्पिता (बी.एससी. नर्सिंग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में सुदीप (बी. फार्म) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन बालक वर्ग में अरुण एवं अभिषेक (जी.एन.एम.) तथा बालिका वर्ग में ज्योति एवं खुशी (बी.एससी. नर्सिंग)। शॉट पुट बालक वर्ग में प्रियांशु बिष्ट (बी.सी.ए.) तथा बालिका वर्ग विषाखा रौतेला (बी. फार्मा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टग ऑफ वार में बालक वर्ग में पैरामेडिकल विभाग के छात्रों तथा बालिका वर्ग में मैनेजमेंट की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, प्रबंध निद. ेशक सीए शिव अरोरा, निर्देशिका डा. सीमा अरोरा, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, हेड ऑफ इंस्टीट्यूशन ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा. प्रकाश पंत, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य विवेक त्रिवेदी, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सी. ए.ओ. अनुभव बाठला, साहिल छाबड़ा, शिवम् शर्मा तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन ने विज. ेताओं को बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्य चंदन राणा, कृष्णा शील, गुरजोत सिंह, अभिषेक कुमार, युवराज, प्रिया सिंह एवं सादिक अंसारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ललित भट्ट, सोमेंद्र सिंह, दिग्विजय, हिमांशी लोहानी, संतोष, दीपिका देउपा, सुप्रीत कौर, सोनिया नारंग, आलिया नाज एवं मुनीश कुमार ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कैलाश नदी में खनन के दौरान मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** साधूनगर स्थित कैलाश नदी के खनन क्षेत्र में आरबीएम की खुदाई के दौरान मजदूरों को एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मजदूर जब नदी में खनन कार्य कर रहे थे, तभी रेत में दबे शव के कुछ अंग दिखाई दिए। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

शनिवार अपराह्न करीब 3:40 बजे सूचना मिलने पर एसआई कैलाश देव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तथा जेसीबी मशीन की सहायता से रेत की खुदाई कर शव को बाहर निकाला। शव काफी गहराई में दबा हुआ था और क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। शव के हाथ-पैर के पंजे और पसलियों की हड्डियां दिखाई दे रही थीं तथा शरीर पर केवल एक कपड़ा लिपटा हुआ था। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया गया है और आसपास के थानों में शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।












## रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीरूमदारा रामनगर में जयदेवी जगत प्रकाश फाउंडेशन के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

ग्रीन फील्ड अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत ने कहा कि शिविर का उद्देश्य समाज में मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देना, स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कल्पना कुयाल, बृजेश हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल और डेंटल सर्जन डॉ. रोहित बंसल ने शिविर में मरीजों की जांच की।

रक्तदान करने वालों में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत, प्रधानाचार्य कंचन बिष्ट सहित करीब दो दर्जन लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान विद्यालय के अभिभावक भी बड़ी संख्या में भागेदारी की और कार्यक्रम की सराहना की।















### गैरसैंण विधानसभा सत्र के घेराव को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आगामी 10 मार्च को गैरसैंण में आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र का विरोध करने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसको लेकर शनिवार को रामनगर में कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की।बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है।

पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में जनता बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ 10 मार्च को कांग्रेस गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र का घेराव कर अपना विरोध प्रकट करेगी। उन्होंने कहा कि आज इसी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, ओमप्रकाश, अनिल अग्रवाल, जावेद खान, मोहम्मद अजमल, नजाकत अली, चांद खान, अफाक हुसैन, दीप्ति भारद्वाज, सुमित तिवारी,अनीस आलम अंसारी, गिरधारी लाल अनीश खान, महेश पांडे, वीरेंद्र लटवाल, लीलाधर जोशी, आनंद कड़ाकोटी, कुबेर कड़ाकोटी आदि मौजूद रहे।

# 15 मार्च तक खर्च कर ली जाए धनराशि

## सीडीओ ने जिले में विकास कार्यों व बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विकास भवन भीमताल सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न विभागों को जिला, राज्य तथा केन्द्र व बाह्य सहायतित योजनाओं में प्राप्त धनराशि से किए गए कार्यों के साथ ही बीस सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। जिले में विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी पांडे ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के करीब है ऐसे में सभी विभाग यह सुनिश्चित कर लें कि सभी मदों में प्राप्त धनराशि 15 मार्च तक शत प्रतिशत खर्च हो जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष



ध्यान रखा जाए तथा कार्य पूर्ण होने के बाद समय पर भुगतान के साथ उपभोग प्रमाण पत्र भी मुहैया कराया जाए। सीडीओ ने कहा कि नैनीताल जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे इसके लिए सभी योजनाओं में शत प्रतिशत धनराशि व्यय करने के साथ बीस सूत्रीय कार्यक्रम के सभी मदों में ए श्रेणी प्राप्त की जाए। जिन विभागों में अभी भी धनराशि अवशेष है वे हर हाल में 15 मार्च से पूर्व धनराशि व्यय करना सुनिश्चित करें। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विभागों ने अब तक बेहतर कार्य करते हुए अच्छी प्रगति हासिल की है उसी तरह इस माह भी जनपद सभी मदों में ए श्रेणी प्राप्त करे। बैठक में उन्होंने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 मार्च से मोटर मार्गों पर हॉटमिक्स और डामरीकरण कार्य हर हाल में प्रारंभ कर दिया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले लाभार्थियों के खातों में ऑनलाइन धनराशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत टीकाकरण पूरा करने तथा बाल विकास विभाग को महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े लक्ष्यों की शीघ्र पूर्ति करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि जिन विभागों के पास लंबे समय से धनराशि पड़ी है और मार्च में भी खर्च नहीं हो पाती है तो ऐसे विभागीय अधिकारियों से ब्याज सहित धनराशि वसूल की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का पूर्ण सदुपयोग होना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समय पर पूरे किए जाएं। जिन विभागों के निर्माण कार्य चल रहे हैं उनके अधिकारी समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण भी करें। यदि कार्य अधूरे पाए जाते हैं तो कार्यदायी संस्था के साथ संबंधित विभागीय अधिकारी की भी जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। बैठक में सीएमओ डा. हरीश पंत, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा. मुकेश सिंह नेगी तथा एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### तल्लीताल में रहा जाम

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग के कारण शनिवार को भारी जाम की स्थिति बन गई। तल्लीताल स्थित नेशनल होटल से जेल तक सड़क किनारे खड़े वाहनों के चलते वैष्णोदेवी मंदिर के पास यातायात बाधित हो गया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से वाहनों की पार्किंग के कारण अकसर इस क्षेत्र में जाम लग जाता है जिससे आम लोगों के साथ ही आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जा सके।

## एक नजर

### भीमताल में नाले में पड़ा मिला तेंदुए का शव

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल के मिनी स्टेडियम के पास एक नाले में शनिवार की सुबह एक तेंदुआ मृत अवस्था में नाले में पड़ा मिला। बता दें शनिवार को सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों ने तेंदुए के नाले में पड़े होने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। वन विभाग की टीम ने शव को कबजे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजा। क्षेत्र के सभासद शुभम नैनवाल ने कहा कि शव संदिग्ध हालात में पड़ा था। उन्होंने तेंदुए को फंदा लगाकर मारने का अंदेशा जताया है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के भवाली वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने कहा कि तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। रेंजर मेलकानी ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल पाएगा।

### उज्ज्वला योजना की चमक फीकी: खष्टी

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी का विरोध किया है। बिष्ट ने कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष की आड़ में सरकार ने आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। बेरोजगारी और महँगाई के मोर्चे पर असफल रही सरकार एक बार फिर कीमतें बढ़ाकर लोगों को परेशान कर रही है। बिष्ट ने कहा कि एक तरफ सरकार खनिज तेल, पेट्रोलियम और गैस के पर्याप्त भंडार होने का दावा करती है वहीं दूसरी ओर लगातार कीमतें बढ़ाकर दोहरा रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू सिलेंडर के साथ-साथ व्यावसायिक सिलेंडरों के दामों में वृद्धि से होटल व्यवसाय में भी महँगाई बढ़ेगी, जिसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो कांग्रेस पार्टी व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगी। बिष्ट ने कहा कि पिछले कई वर्षों से घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों के कारण उज्ज्वला योजना की चमक फीकी पड़ती जा रही है, जिसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है।

### स्कूली बच्चों को बांटे बिस्कुट व केले

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस मौके पर परिषद की ओर से आर्य समाज प्राइमरी प्राथमिक विद्यालय और इस्लामिया पब्लिक स्कूल रजा क्लब में स्कूली बच्चों को बिस्कुट और केले वितरित किये गये। इस दौरान परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी समेत रेखा निवेदी, अमिता साह कोषाध्यक्ष, नंदिनी पंत तथा आफरी आदि मौजूद रही।

### विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी.डि.)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा शनिवार को डा. राजेंद्र प्रसाद लॉ इंस्टीट्यूट नैनीताल में महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम डा. सुरेश चंद्र पाण्डेय द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। तत्पश्चात् सचिव पारुल थपलियाल द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय में जागरूक करते हुए भ्रूण हत्या तथा सती प्रथा के के बारे में बताया गया। शिविर में बाल विवाह निषेध अधिनिय तथा घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, भरण पोषण तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम में विधिक जानकारी तथा अधिनियमों में सजा के प्रावधान के बार में बताया। शिविर के अंत में डा. कविता द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया गया।

### नैनीताल में डीएसए का चुनाव आज

**नैनीताल।** जिला कीड़ा संघ (डीएसए) के चुनाव रविवार (आज) होंगे। चुनाव में नगर के 48 क्लबों व स्कूलों के सदस्य भाग लेंगे। 48 कलबों के दो सदस्य इस चुनाव में मतदान करेंगे। बता दें इससे पूर्व यह चुनाव 2024 के दिसंबर माह में कराए गए थे। जिसका कार्यकाल दो वर्ष के लिए होता है। इस वर्ष डीएसए काफी विवादों में रहा। रविवार (आज) होने जा रहे चुनाव की इन दोनों नगर में खूब चर्चा चल रही है। इस वर्ष खेल विभाग, नगर पालिका तथा डीएसए में फ्लैट्स मैदान के स्वामित्व को लेकर काफी विवाद रहा था। बता दें डीएसए के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी, उपाध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष होते हैं जबकि एक उपाध्यक्ष डीएसए का होता है जबकि चुनाव महासचिव के लिए होता है। महासचिव बनने के बाद वह स्वयं अन्य खेलो के सचिवों की नियुक्ति करता है।

### ठेकेदार पर मजदूरों के रुपये नहीं देने का आरोप

**नैनीताल।** नैनीताल में नेपाली मजदूरों ने एक ठेकेदार पर मेहनताना नहीं देने का आरोप लगाया है। मजदूरों ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। नेपाल के महेंद्रनगर निवासी मजदूर सरस्वती और तुलसी शनिवार को तल्लीताल थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे पिछले एक साल से एक ठेकेदार के साथ काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें नेपाल जाना था लेकिन ठेकेदार ने उनका भुगतान नहीं किया। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार उनके और उनके साथ काम करने वाले अन्य मजदूरों के करीब 60 हजार रुपये देने से इनकार कर रहा है। उन्होंने पुलिस से बकाया राशि दिलाने और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में एसओ मनोज नयाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर ठेकेदार को थाने बुलाया गया है। कार्यवाही गतिमान है।

# दो कानूनगो को पटवारी का दंड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजस्व अभिलेखीय कार्यों को निजी व्यक्ति से संपादित कराने के गंभीर आरोप सिद्ध होने पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो निलंबित रजिस्ट्रार कानूनगो को पदावनत कर दिया है। उन्होंने अवगत कराया कि विभागीय जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने के बाद यह दंडादेश पारित किया गया। प्रशासनिक अभिलेखों के अनुसार रजिस्ट्रार कानूनगो भूपेश चंद और अर्जुन सिंह बिष्ट पर आरोप था कि उन्होंने अपने पद से जुड़े वैधानिक दायित्व निजी एवं अनधिकृत व्यक्तियों से कराए। इस प्रकरण को गंभीर मानते हुए नियमानुसार प्रारंभिक जांच कराई गईए जिसके बाद विभागीय कार्यवाही शुरू की गई। जांच अधिकारी द्वारा दस्तावेजी साक्ष्यों व अभिलेखों और संबंधित व्यक्तियों के बयानों के आधार पर यह तथ्य स्थापित पाया गया कि दोनों कार्मिकों ने राजस्व से जुड़े कार्यों में निजी व्यक्ति की सहायता ली। जांच प्रतिवेदन में आरोपों को पूर्ण रूप से सिद्ध माना गया। कारण बताओ नोटिस के जवाब में संबंधित कार्मिकों ने यह स्वीकार किया कि अधिक कार्यभार और लंबित मामलों के दबाव के कारण उन्होंने निजी व्यक्ति की सहायता ली थी। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कार्यभार किसी भी स्थिति में वैधानिक शक्तियों के हस्तांतरण को वैध नहीं ठहरा सकता। निजी व्यक्ति को राजस्व अभिलेखीय कार्यों में शामिल करना नियमों के विरुद्ध है तथा राजकीय अभिलेखों की गोपनीयता और विश्वसनीयता के लिए गंभीर खतरा है। प्रशासन ने इसे गंभीर कदाचार तथा कर्तव्य में घोर लापरवाही तथा राजकीय शक्तियों के अवैध हस्तांतरण की श्रेणी में माना। दंड निर्धारण के दौरान पद की संवेदनशीलता, कृत्य की गंभीरता और अधिकारियों द्वारा तथ्य स्वीकार किए जाने जैसे पहलुओं पर विचार किया गया। इन परिस्थितियों में प्रशासन ने दोनों कार्मिकों भूपेश चंद और अर्जुन सिंह बिष्ट को उनके वर्तमान पद से पदावनत करते हुए निमन पद एवं वेतनमान पर आसीन किए जाने का दंड दिया है। आदेश के अनुसार यह दंड तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसे सेवा पुस्तिका में अंकित किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश किसी पृथक आपराधिक या विजिलेंस कार्यवाही को प्रभावित नहीं करेगा।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के डीएसबी परिसर में शनिवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बता दें परिसर के कला संकाय के सभागार में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल, जीसी गुड़िया लॉ कॉलेज काशीपुर, एचएनबी कालेज खटीमा, आईएमटी काशीपुर तथा वासुदेव लॉ कॉलेज के प्रतिभागी शामिल हुए। इस मौके पर अर्णव, नकुल, मनोज, वाणी, प्रतीक, रेणु, रक्षित, सुनिष्ठ तथा नवराज व मुस्कान ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवा वर्ग के सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ में सहायक है विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बहुत बेहतर विचार प्रस्तुत किए।

इस मौके पर सर्वाधिक अंक हासिल करने पर डीएसबी परिसर नैनीताल को चैंपियनशिप ट्राफी तथा एचएनबी कालेज खटीमा को रनर्स आप ट्राफी प्राप्त हुई। अर्णव त्रिपाठी तथा नकुल देव साह दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के अवसर पर डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा कि डिबेट लोकतंत्र को मजबूती देते हैं तथा व्यक्तित्व निर्माण करते हैं। डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति व्यक्तित्व निर्माण तथा ज्ञान अर्जन के बेहतर अवसर देती है। प्रतियोगिता का संचालन करते हुए वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि विचारों का मजबूत युवा देश के लिए महत्व पूर्ण है तथा मस्तिष्क की मजबूती हमें प्रेरणा देती है। इससे पूर्व प्रतियोगिता के आयोजक सचिव डा. संतोष कुमार ने सभी का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। निर्णायक प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. नीलू लोधियाल तथा डा. ललित रहे। विजेताओं को ट्राफी तथा मेडल प्रदान किये गए। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन के साथ राष्ट्रगान तथा राष्ट्र गीत एवं कुलगीत प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में अनीता रावत, अपूर्व बिष्ट, चारू, शिखा, अतुल एवं लाल सिंह, अजय, कुंदन तथा डा. पांडेय, दीपांशु तथा साकेत का विशेष सहयोग रहा।

# पटवाडांगर मार्ग की घटना से क्षेत्र में आक्रोश

## लोगों ने पुलिस से गश्त की मांग की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर मार्ग क्षेत्र में युवती से मारपीट और दुष्कर्म के प्रयास की घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों पर चिंता जताते हुए पुलिस से क्षेत्र में एसी घटनाओं को रोकने के लिए गश्त की मांग की है। बेलुवाखान की ग्राम प्रधान डा. बबीता मनराल और देवीधूरा की ग्राम प्रधान प्रेमलता बर्गली ने कहा कि क्षेत्र में देर रात तक टैक्सी और निजी अज्ञात वाहन बेवजह सड़कों पर घूमते रहते हैं। कई बार सड़क किनारे वाहन खड़े कर कुछ लोग पार्टी करते हैं और हुड़दंग मचाते हैं जिससे माहौल असुरक्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में महिलाओं और युवतियों का अकेले आनाजाना कई बार मुश्किल हो जाता है। ऐसे में लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। दोनों ग्राम प्रधानों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में देर शाम से ही नियमित गश्त कराई जाए और नशे में हुड़दंग करने वालों व संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर सखती से कार्रवाई की जाएए ताकि क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बन सके। मामले में एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि क्षेत्र गश्त बढ़ाई जाएगी।

### वीकेंड में पर्यटकों से रौनक

**नैनीताल।** वीकेंड में पर्यटकों के आगमन में वृद्धि होने से नैनीताल में पर्यटकों की रौनक छायी रही। शहर के सभी पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटकों की चहल पहल दिनभर देखने को मिली। शनिवार को वीकेंड के चलते नैनीताल में पर्यटकों की आमद बढ़ने से शहर में चहल पहल बढ़ी। नैनीताल व आसपास के पर्यटन स्थल राजभवन, स्नोव्यू, केव गार्डन, हिमालय दर्शन तथा चिड़ियाघर व वाटर फॉल और हनुमानगढ़ी में पयर्टकों की भीड़ देखने को मिली। वहीं बादलों के बीच खिली धूप में पर्यटक नौकायन का लुत्फ उठाया साथ ही हिमालय दर्शन और झील के किनारे कश्मीरी और हिमाचली, कुमाऊंनी किराए की ड्रेस में फोटो खिंचवाते नजर आए। जहां एक ओर पर्यटकों के आगमन से शहर में रौनक छाई तो वहीं शहर की सड़कें जाम से पटी रही। शहर की मालरोड, बारापत्थर और हिमालय दर्शन में पर्यटकों के वाहनों से जाम लगा रहा।

# वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के ताकुला स्थित महर्षि विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भीमताल के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। इसस पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. बिष्ट द्वारा मां सरस्वती के सममुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कुमाऊंनी लोक नृत्य समेत देशभक्ति पर आधारित गीतों, मानव जीवन में सामाजिक एकता का प्रतीक नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नाटकों ने दर्शकों को सामाजिक संदेश दिया जिसे उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने काफी सराहा।



मुख्य अतिथि डा. हरीश सिंह बिष्ट ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया और विद्यालय के लिए सांस्कृतिक मंच के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। डा. बिष्ट ने छात्रों को नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार ढालने पर जोर दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य निर्मल पांडे द्वारा विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद डा. हरीश सिंह बिष्ट ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान डा. बबीता मनराल समेत बीडीसी कमला, दिनेश आर्य, हीरा देवी, एडवोकेट रवि बिष्ट, बीरू मेहरा, योगेश बोरा, राजेंद्र मनराल, कुंदन जीना सहित अभिभावक छात्र- छात्राएं तथा शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# भारत रत्न जीबी पंत को याद किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार को भारत रत्न पंडित गोबिन्द बल्लभ पंत की 65वीं पुण्य तिथि के विशेष मौके पर लोगों ने उन्हें याद किया साथ ही मल्लीताल स्थित पंत प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर कार्यक्रम के मुखय संयोजक पूरन सिंह मेहरा ने कहा पंडित गोविन्द बल्लभ पंत को मानवता के प्रति सम्मान, मूल्यों के प्रति निष्ठा तथा असहायों के प्रति आत्मीयता तथा सजक राजनीतिज्ञ होने का गौरव प्राप्त है। कहा कि वह स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले उस समय के संयुक्त प्रांत के मुख्यमंत्री रहे और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद वह उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बने। उसके बाद केंद्रीय शासन के गृह मंत्री के रूप अपने अंतिम समय तक उस पद पर बने रहे पंत जी ने रौलेट एकट को रद्द कराने जिसमें तत्कालीन अंग्रेजी सरकार को असाधारण क़ानूनों से लैस करना था ताकि स्वतंत्रता की माँग करने वाले भारत के लोगों को कानून की आड़ में दबाया जा सके और अंग्रेजों ने मानो एक तरह से भारतवासियों के लिए न्याय का सिद्धान्त ही खत्म करवा दिया। कहा कि पंडित पंत न केवल इन बुराइयों से होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराया व जबरदस्त विरोध किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने पंडित जी को महान स्वतंत्रता सेनानी व राजनीतिज्ञ तथा देवभूमि उत्तराखंड का गौरव बताया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम कबडवाल, पूर्व वन क्षेत्राधिकारी हीरा सिंह शाही, अतुल पाल पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा समेत निर्माण मुखर्जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाकसिंग फेडरेशन समेत गोविन्द जोशी, सभासद जितेंद्र पाण्डेय, पीयूष जोशी, प्रदीप कुमार, भगवान सिंह, उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य राजेन्द्र परगांई, राज्य आन्दोलनकारी तथा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊ मंडल विकास निगम नैनीताल कंचन चंदोला आदि मौजूद थे।



# नैनीताल की बेटी सौम्या गबर्याल ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भीमताल की रहने वाली सौम्या गर्ब्याल ने कड़ी मेहनत और लगन से बड़ी कामयाबी हासिल की है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा

### एसडीएम से यूपीएससी तक का सफर
### संघर्ष से सफलता तक की कहानी

घोषित सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में उन्होंने 822वीं रैंक हासिल कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जगह बनाई है। पहाड़ की इस बेटी ने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची हो तो किसी भी मुकाम तक पहुंचा जा सकता है। सौम्या गर्ब्याल वर्तमान में अल्मोड़ा जिले की जैंती और भनोली तहसीलों में उप जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। प्रशासनिक जिममेदारियों के साथ-साथ उन्होंने यूपीएससी की तैयारी जारी रखी। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा और अंतत: आईएएस बनने का सपना साकार कर दिखाया। सरकारी सेवा और पढ़ाई को साथ लेकर चलना आसान नहीं होता लेकिन सौम्या ने अनुशासन और टाइम मैनेजमेंट से यह संभव कर दिखाया। सौम्या मूल रूप से धारचूला क्षेत्र के गर्थ्यांग गांव की रहने वाली हैं बाद में उनका परिवार भीमताल में आकर बस गया। पहाड़ी क्षेत्र से आने के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई और लक्ष्य पर पूरा ध्यान दिया। उनकी इस कामयाबी से धारचूला और भीमताल दोनों क्षेत्रों के लोगों में गर्व का माहौल है। पहाड़ के युवाओं के लिए सौम्या एक नई प्रेरणा बनकर उभरी है। सौम्या बताती हैं कि उनकी सफलता में उनके परिवार का बड़ा योगदान रहा। उनकी माता बीना गर्ब्याल नैनीताल के अभिसूचना विभाग में सब इंस्पेकटर के पद पर तैनात हैं जबकि पिता देव सिंह गर्ब्याल हैं, उनकी बड़ी बहन साक्षी गर्ब्याल बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पीलीभीत शाखा में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, परिवार ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जिसकी बदौलत सौमया अपने लक्ष्य तक पहुंच सकीं। सौम्या ने अपनी स्कूली शिक्षा भीमताल और नैनीताल से पूरी की, हाईस्कूल की पढ़ाई भीमताल के हरमन माइनर स्कूल से और इंटरमीडिएट नैनीताल के मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर से की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से पॉलिटिकल साइंस में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था। सौम्या ने यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं को कई अहम टिप्स दिए हैं उनका कहना है कि उममीदवारों को सबसे पहले सिलेबस को अच्छी तरह समझना चाहिए इसके साथ ही प्रीवियस ईयर क्वेश्चन को ध्यान से पढ़ना और नियमित रूप से मॉक टेस्ट देना जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि एनसीईआरटी की किताबों को अच्छी तरह पढ़ें और बार बार रिवीजन करते रहें। रोजाना एक टारगेट तय कर उसी के अनुसार पढ़ाई करने से तैयारी मजबूत होती है। बता दें सौम्या गर्ब्याल की सफलता केवल व्यक्तिगत कामयाबी नहीं है बल्कि यह पहाड़ के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक कहानी भी है। उन्होंने यह दिखाया कि कठिन परिस्थितियों और जिम्मेदारियों के बीच भी सपनों को साकार किया जा सकता है। मेहनत, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य के साथ कोई भी छात्र अपने सपनों की मंजिल तक पहुंच सकता है। उनकी यह कामयाबी पूरे पहाड़ के लिए गर्व का विषय बन गई है।



# भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में एक प्रेरणादायक सत्र में भारत की विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या में वृद्धि के कारण भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। प्रो. करंदीकर ने अनुसंधान और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और छात्रों एवं शोधार्थियों को अनुसंधान परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने भारत सरकार की विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस सत्र का आयोजन ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय द्वारा किया गया, जिसमें कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

# आभूषण चोरी का 12 घंटे में खुलासा

## 7 तोला सोने के ज़ेवर बरामद कर पुलिस ने एक आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** ग्राम सूर्यनगर निवासी रीता भण्डारी पत्नी नन्दन सिंह किसी विवाह समारोह में अल्मोड़ा जाने के लिए सुबह तैयार हो रहे थे। उन्होंने तैयार होने के लिए उन्होंने अपने कपड़े और श्रृंगार का सामान बैड में रखे 7 तोले सोने के आभूषण निकालने लगे काफी ढूंढने के बाद उन्हें सोने के आभूषण नहीं मिलने पर उनके होश उड़ गए।

सोना चोरी होने की सूचना चारों ओर आग की तरह फैल गई और धीरे-धीरे उनके घर लोगों का जमवाड़ा लग गया। पड़ोसियों के कहने पर उन्होंने इसकी सूचना निकट कलकत्ता फार्म पुलिस चौकी को दी। बड़ी वरदात को देखते हुए कोलकाता फार्म पुलिस चौकी ने प्रभारी निरीक्षक किच्छा



प्रकाश सिंह दानु को इस घटना से अवगत कराया और शीघ्र ही प्रभारी निरीक्षक किच्छा द्वारा एक टीम गठित की गई, और शीघ्र ही कलकत्ता पुलिस चौकी प्रभारी ओम प्रकाश नेगी और उनकी टीम घटनास्थल पर मौके पर पहुंची और पीड़िता रीता भंडारी के बयान दर्ज किये वहीं पीड़िता रीता भंडारी ने चौकी प्रभारी को 7 तोले सोने के आभूषण चोरी होने की पूरी बात विस्तार पूर्वक बताई। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस टीम ने शीघ्र ही छानबीन शुरू कर दी। काफी छानबीन करने के बाद शक के आधार पर पड़ोस में रहने वाले देवेंद्र सिंह उर्फ गोरखा पुत्र मनोज सिंह के घर दबिश दी और दबिश के दौरान एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा और देखते ही देखते चौकी प्रभारी ओपी नेगी ने बड़ी सूझबूझ और चतुराई से चोरी किए गए 7 तोले सोने के आभूषण 12 घंटे के भीतर ही सकुशल बरामद कर लिए। चौकी प्रभारी ओमप्रकाश सिंह द्वारा मय पुलिस बल के अभियुक्त देवेन्द्र सिंह कोरंगा उर्फ गोरखा पुत्र मनोज सिंह कोरंगा को गिरफ्तार कर मुकदमा दाखिल किया गया, और अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू, एसआई ओमप्रकाश सिंह नेगी चौकी प्रभारी कलकत्ता फार्म, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल हरीश मेहरा शामिल थे।

### मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड-बरेली रोड वार्ड 19 क्षेत्र स्थित लक्ष्मी शिशु मंदिर में शनिवार को मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सूची मैपिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी सं या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपनी मतदाता सूची की मैपिंग कराई और प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि वर्ष 2003 से 2025 तक की मतदाता सूची की मैपिंग नहीं हो पाई थी, जिसके चलते कई मतदाताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। शिविर के माध्यम से मतदाताओं की सूची को अपडेट करने का कार्य किया गया। उन्होंने क्षेत्र के उन मतदाताओं से भी जल्द मैपिंग कराने की अपील की जिनकी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। वहींपूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने बताया कि मैपिंग के दौरान कई तकनीकी व दस्तावेज संबंधी समस्याएं सामने आ रही है। कई मतदाताओं के नाम लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनाव की सूची में दर्ज है, लेकिन वर्ष 2003 की सूची में नाम नहीं होने के कारण उन्हें मैपिंग कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनके नाम भी सूची से हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर मैपिंग प्रक्रिया में आ रही समस्याओं से अवगत कराया जाएगा ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान सुपरवाइजर ललित जोशी, बीएलओ तारा सिंह, संगीता, रचना आदि मौजूद रहे।



# टीम इंडिया तीसरी बार जीतना चाहेगी खिताब




● टी-20 विश्व कप 2026 का फाइनल मुकाबला आज अहमदाबाद में होगा, न्यूजीलैंड पहला खिताब जीत रचना चाहेगी इतिहास

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब भारत आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगा, तो यह केवल क्रिकेट का एक और मैच नहीं होगा।

मैच में भारत की नजरे जीत पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड इतिहास रचना चाहेगा। भारतीय टीम ने इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में केवल जीत ही नहीं हासिल की उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सात विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर किया, जिसमें संजू सैमसन ने अपनी जिदगी की सबसे बड़ी पारी खेली केवल 42 गेंदों पर 89 रन, जो जबरदस्त स्ट्रोकप्ले और निडर इरादे से भरे थे। मध्यम क्रम में ईशान किशन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने दबाव बनाया, जिससे सेमीफाइनल रनों का पहाड़ बन गया।

इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के शानदार शतक की मदद से वापसी की, लेकिन भारत ने आखिरी दम तक हिम्मत नहीं हारी और जीत हासिल की। और यही एक चैंपियनशिप की पहचान है। लेकिन अगर भारत तेजी से आया है, तो न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।

फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिग, निडर क्रिकेट। उनके साथ, टिम सीफर्ट ने 58 रन बनाकर टेम्पो को तेज रखा, जिससे न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर में नौ विकेट बाकी रहते हुए जीत हासिल कर ली। भारत की जबरदस्त बैटिंग लाइनअप, जिसकी अगुआई ईशान किशन कर रहे हैं टीम के टॉप स्कोरर 263 रन शुरू में ही अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। उनके मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने टूर्नामेंट में पहले ही 13 विकेट ले लिए हैं, पूरे अभियान में एक अहम हथियार रहे हैं।

## भारत ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में जीते हैं 87 % मैच

● मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और न्यूजीलैंड की टीमें टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के करीब पहुंच गई हैं। भारत ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है, जबकि यह दूसरा मौका है जब कीवी टीम इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खेलेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 विश्व कप शुरू होने से ठीक पहले पांच मैचों की टी-20 सीरीज हुई थी।

भारत का प्रदर्शन उस सीरीज में काफी शानदार रहा था और टीम ने कीवियों को 4-1 से मात दी थी। मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। टी-20 विश्व कप 2026 की मेजबानी भारत और श्रीलंका ने की। भारत ने अपने सात मैच घरेलू जमीन पर खेले, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसका मुकाबला कोलंबो में हुआ। वहीं, न्यूजीलैंड ने पांच मैच में भारत में और तीन मुकाबले श्रीलंका में खेले। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 विश्व कप का मैच खेल चुकी हैं। भारत ने मौजूदा टूर्नामेंट में इस मैदान पर अब तक दो मुकाबले खेले। ग्रुप चरण में टीम ने नीदरलैंड को हराया, जबकि सुपर आठ में उसे इसी मैदान पर द.अफ्रीका से हार मिली। न्यूजीलैंड की बात करें तो टीम ने अहमदाबाद में एक मुकाबला खेला। ग्रुप चरण में उसे इस मैदान पर द. अफ्रीका के हाथों सात विकेट से हार मिली थी। दोनों टीमों का टूर्नामेंट में ओवरऑल प्रदर्शन देखें तो न्यूजीलैंड ने आठ में से पांच मैच जीते, दो हारे और एक मैच उसका बारिश में धुला। वहीं, भारत ने आठ में से सात मैच जीते और एक मैच गंवाया। भारत टूर्नामेंट में एकमात्र मुकाबला द. अफ्रीका से अहमदाबाद में ही हारा था। भारत ग्रुप ए में शामिल था और उसने शुरुआती चरण में अमेरिका, नामीबिया, पाक और नीदरलैंड को हराया। सुपर -8 में भारत को पहले मैच में द. अफ्रीका से मिली हार थी, लेकिन उनसे जिम्बाब्वे और विंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराया और लगातार दूसरी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप डी में थी। उसने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान, यूएई और कनाडा को हराया, लेकिन द. अफ्रीका से हार गई। सुपर आठ में टीम का पहला मैच पाकिस्तान से था जो बारिश में धुल गया था। अगले मैच में कीवियों ने श्रीलंका को हराकर सेमीफाइनल के लिए दावा मजबूत किया। सुपर आठ के मैच में कीवियों को इंग्लैंड से हार मिली जिससे उसके अभियान को झटका लगा। उस वद्त टीम बाहर होने के कगार पर पहुंच गई थी। पाक को श्रीलंका को 147 रन तक रोकना था जिससे वह नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड को बाहर कर सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और कीवी टीम सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर मार्टन इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** हंगरी के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी मार्टन फुकसोविक्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपनी दूसरी टॉप पांचवीं जीत हासिल की और लगभग छह साल में उनकी पहली जीत है। फुकसोविक्स ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में दुनिया नंबर 5 लोरेंजो मुसेट्टी को 7-5, 6-1 से हराया। हंगेरियन खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए इटैलियन खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन का फायदा उठाकर टॉप 10 विरोधियों के खिलाफ 4-35 का सुधार किया।

#### डालिबोर स्व्रचिना को हराकर जैनिक सिनर इंडियन वेल्स के अगले दौर में

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** इटली के स्कोर टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इंडियन वेल्स ओपन में चेक गणराज्य के डालिबोर स्व्रचिना के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करे हुए टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। जैनिक सिनर ने अपनी पहली इंडियन वेल्स ट्रॉफी की तलाश में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्सिना को 64 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया। 24 साल के सिनर का अगला मुकाबला डेनिस शापोवालोव से होगा, जिन्हें उन्होंने पिछले साल के यूएस ओपन में चार सेट में हराया था। दोनों प्रोफेशनल मुकाबलों में 1-1 से बराबर हैं, जिसमें शापोवालोव ने 2021 में सिनर को पांच सेट के मुकाबले में हराया था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं मानसिक रूप अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं शांत हूं, मैं रिलैक्स हूं।

## हॉकी विश्व कप में जगह पक्की करने उतरेगी भारतीय टीम



● टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली उरुग्वे वेल्स और ऑस्ट्रिया प्रतिस्पर्धा करेंगी

**हैदराबाद, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार से शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में उरुग्वे के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले में जीत के साथ एफआईएच हॉकी महिला विश्वकप 2026 में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य को लेकर उतरेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया क्वालिफिकेशन चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट को चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं, जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं। जिसमें हर पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक मैच के विजेता वर्ल्ड कप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन हासिल करेंगे। इसके अलावा, हैदराबाद में चौथे स्थान पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को भी टूर्नामेंट में जगह मिलेगी।

टीम हाल ही में नियुक्त मुख्य कोच शोर्ड मारिन के दिशा निर्देश में भी खेलेगी। भारत अभी दुनिया में नौवें स्थान पर है और इंग्लैंड के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, जो दुनिया भर में सातवें स्थान पर है। एक मजबूत टीम और घर पर खेलने के फायदे के साथ, मेजबान टीम इस मौके का पूरा फायदा उठाने और वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन पक्का करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी। भारतीय टीम अपने कैंपेन की शुरुआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, इसके बाद 9 मार्च और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच खेलेगी।

## इंग्लैंड, द. अफ्रीका व विंडीज टीमें चार्टर विमान से होगी स्वदेश रवाना



● इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी, जबकि विंडीज द. अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज की टीमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से हवाई यात्रा में रुकावट के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा उपलब्ध कराए गए चार्टर विमान से स्वदेश रवाना होगी।

इंग्लैंड, गुरुवार को भारत से अपना दूसरा फाइनल हारने के बाद, शनिवार शाम को मुंबई से रवाना होगा, जबकि वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका कोलकाता से एक अलग चार्टर फ्लाइट लेंगे। इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी। वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी। दोनों टीमें अभी भी इस बात की पुष्टि का इंतजार कर रही हैं कि वे ठीक कब रवाना होंगी, लेकिन माना जा रहा है कि वे रविवार को रवाना होंगे।

दक्षिण अफ्रीकी टीम के कुछ लोग, टीम मैनेजमेंट केशव महाराज, जेसन स्मिथ और जॉर्ज लिडे के साथ 15 मार्च से शुरू होने वाले सिमित ओवर्स के दौरे के लिए रविवार को न्यूजीलैंड जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज दोनों टीमें 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद से कोलकाता में हैं। दक्षिण अफ्रीका चार मार्च को पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गया था, वहीं वेस्टइंडीज एक मार्च को आखिरी सुपर आठ गेम में इंडिया से हारने के बाद से कोलकाता में है। शनिवार को, वेस्ट इंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डे 6 पोस्ट किया था, जिसमें बताया गया था कि वे अपने आखिरी मैच के बाद कितने दिन कोलकाता में फंसे रहे।

## ली शि फेंग को हराकर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचे




● यह जीत लक्ष्य सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी ली शि फेंग को सीधे गेम में हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिटन चैंपियनशिप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 12वीं रैंक वाले भारतीय शटलर ने यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में शुक्रवार को एक घंटे तक चले पुरुष एकल मुकाबले में चीन के ली को 21-13, 21-16 से हराया। यह जीत सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी, जिन्हें पिछले साल के टूर्नामेंट के इसी स्टेज में ली शि फेंग ने नॉकआउट कर दिया था।

लक्ष्य ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया और पहले इंटरवल में पांच पॉइंट की बढ़त के साथ एंट्री की। हालांकि ली ने रीस्टार्ट के बाद स्पीड बढ़ाई और अंतर कम करना शुरू कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने जोरदार जवाब दिया। 15-13 पर, जब ली वापसी की कोशिश कर रहे थे, तो भारतीय शटलर ने लगातार छह पॉइंट बनाकर पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम ज्यादा करीबी रहा, जिसमें मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन ली शि फेंग ने लक्ष्य की कोर्ट पर तेज समझ और टैक्टिकल खेल के सामने हिम्मत दिखाई। लक्ष्य ने गेम के बीच में केवल एक पॉइंट की बढ़त बना ली थी और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, पहले गेम की तरह ही, 24 साल के खिलाड़ी ने आखिरी समय में अपनी रफ्तार बदली। तीन पॉइंट बनाकर उन्होंने 17-13 की बढ़त बना ली, फिर मैच अपने नाम कर लिया, और 15 मैचों में ली शि फेंग पर अपनी आठवीं जीत दर्ज की। यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में टॉप-10 चीनी खिलाड़ी पर लक्ष्य की दूसरी जीत है।

## एनाबेल का शतक, ऑस्ट्रेलिया को 125 रनों की बढ़त



● ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (129) और एलिस पेरी (76) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत के खिलाफ पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्रा में भारतीय गेंदबाजों को विकेट से अधिक मदद नहीं मिली। 48वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एलिस पेरी को पगबाधा आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। एलिस पेरी ने 116 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 76 रन बनाए। इसके बाद 63वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (19) को आउट किया। अगले ही ओवर में क्रांति गौड़ ने एश्ले गार्डनर (एक) का शिकार कर लिया। 73वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने ऐनाबेल सदरलैंड को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। ऐनाबेल सदरलैंड ने 171 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए 129 रनों की पारी खेली। तालिया मैक्ग्रा (13), अलाना किंग (21) रन बनाकर आउट हुई। 91वें ओवर की चौथी गेंद पर सायली सातघरे ने लूसी हैमिल्टन (23) को आउट कर 323 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 125 रनों की बढ़त हासिल हुई। भारतीय महिला टीम के लिए सायली सातघरे ने चार विकेट लिए। क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले। स्नेह राणा और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। भारतीय टीम ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे।

केनरा बैंक Canara Bank

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा

ई-मेल: cb3038@canarabank.com

शुद्धिपत्र

दिनांक 06.03.2026 की ई-नीलामी बिक्री सूचना, जो कि दिनांक 07.03.2026 को ...

... नीलामी की तिथि 18.04.2026 थी।

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

विद्युत वितरण खण्ड, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, अल्मोड़ा।

पत्रांक: 744/वि0वि0ख0(अ0)/विज्ञापन प्रकाशन, दिनांक 07.03.2026

ई-निविदा निरस्त सूचना

एतद्द्वारा ई-निविदा संख्या 30/2025-26 जिसके खुलने की तिथि 10/03/2026 थी। उक्त ई-निविदा को अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ" "उपभोक्ता टोल फ्री नम्बर 18004190405" में अपनी शिकायत दर्ज करायें।

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

(ई0 कन्हैया जी मिश्रा)
अधिशासी अभियंता

## वरुण की मिस्ट्री फीकी पड़ी, कुलदीप को मिलेगा मौका

● आज अहमदाबाद में होगा टीम इंडिया का न्यूजीलैंड टीम से फाइनल मुकाबला



**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया का मुकाबला न्यूजीलैंड से होना है। मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले से पहले भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती की फार्म बड़ी समस्या बनकर उभरी है। वरुण चक्रवर्ती को एक 'मिस्ट्री गेंदबाज' के रूप में लोकप्रियता मिली है। उनकी लेग स्पिन को समझ पाना बल्लेबाजों के लिए कड़ी परीक्षा से कम नहीं रहा है। अपनी रहस्यमयी गेंदबाजी के दम पर आईपीएल और फिर पिछले दोसाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। टी-20 फार्मेट में आईसीसी रैंकिंग में वह पहले स्थान पर हैं। वरुण की वजह से कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन टी-20 विश्व कप में वरुण की रहस्यमयी गेंदबाजी का तोड़ संभवत: विपक्षी गेंदबाजों ने ढूंढ लिया है। वरुण ने टी-20 विश्वकप 2026 टूर्नामेंट में अब तक आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं, लेकिन हाल के मैचों में उनकी गेंदबाजी का असर कम होता दिखा है। ग्रुप स्टेज में छोटी टीमों के खिलाफ वरुण चक्रवर्ती असरदार रहे थे और चार मैचों में नौ विकेट निकाले थे, लेकिन सुपर-8 में पहुंचते ही उनका करिश्मा जैसे समाप्त हो गया है। विपक्षी टीम के बल्लेबाज उनकी गेंदों को आसानी से पढ़ पा रहे हैं और बिना किसी परेशानी के उनपर बड़ी हिट लगा रहे हैं। सुपर-8 के तीन मैचों में मंहगे रहते हुए महज तीन विकेट लेने वाले वरुण के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल तो बेहद निराशाजनक और भूलने वाला रहा। सेमीफाइनल में दाएं हाथ के इस स्पिनर ने चार ओवर में 64 रन देकर एक विकेट लिया। उनकी असरहीन गेंदबाजी की वजह से भारत का मैच फंस गया था। उसी मैच में जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 33 रन देकर टीम को संभाला। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबले में वरुण ने चार ओवर में 40 रन खर्च किए थे, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भी उन्होंने चार ओवर में 35 रन दिए थे। खैर, भारतीय टीम ने फाइनल में जगह बना ली है। अब देखना होगा कि पिछले चार मैचों में बिल्कुल निष्प्रभावी रहे वरुण को हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल की प्लेइंग इलेवन में बनाए रखते हैं या उनकी जगह कुलदीप यादव को मौका देते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव लगातार वरुण के मिस्ट्री स्पिन पर भरोसा जताते रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् खटीमा (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक- 718/ ठेका नीलामी/2025-26 दिनांक: 07.03.2026

-: अल्प कालीन निविदा सूचना :-

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खटीमा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 (स्वीकृति तिथि से 31 मार्च 2027 तक), निम्नांकित ठेकेजातो के ठेका हेतु दिनांक:-18/03/2026 को अपरान्हन 01 बजे तक पृथक पृथक सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक:- 18/03/2026 को अपराहन 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदाएं दिनांक- 16/03/2026 अपरान्हन 02 बजे तक कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय की जा सकती है। निविदा के साथ जमा होने वाली धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक करायी गयी एन0एस0सी0/पोस्ट आफिस/बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0 सावधि जमा के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। निविदा के साथ निविदादाता अपना रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर, रसीदी टीकट हस्ताक्षर हेतु सलग्न करना अनिवार्य होगा, चरित्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र, एवं आयकर प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, खटीमा में निहित होगा। उपरोक्त ठेकाजातो की नीलामी से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते नियमों एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद खटीमा से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क0सं0 | कार्य/ठेके का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मुल्य | अनुमानित ठेका सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ठेका तहबाजारी शुल्क वसूली | 50,000.00 | 1500.00 + GST 18% | 13,86,000.00 |
| 2. | ठेका अस्थाई गाडी पार्किंग चारों रोडो पर बस, ट्रक, मैजिक, टैपो शुल्क वसूली | 40,000.00 | 1000.00 + GST 18% | 8,50,000.00 |
| 3. | ठेका ई-रिक्शा/रिक्शा लाईसेंस/पोलर लाईसेंस वसूली | 25,000.00 | 500.00 + GST 18% | 2,50,000.00 |

(प्रियंका सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका खटीमा
(ऊधमसिंह नगर)

(रमेश चन्द्र जोशी)
अध्यक्ष
नगर पालिका खटीमा
(ऊधमसिंह नगर)



रांची। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी बढ़ती ऊर्जा लागत के मद्देनजर घरेलू एलपीजी व व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में 60 रुपये व 114.5 रुपये की भारी वृद्धि के बीच एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए कतार में खड़े लोग।

## किसी अन्य देश पर भी हमला कर सकते हैं ट्रम्पः पूर्व डब्ल्यूपीएफ महासचिव

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच वर्ल्ड पीस फोरम (डब्ल्यूपीएफ) के पूर्व महासचिव एन श्वेतोंग ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के तहत भविष्य में अन्य देशों के साथ भी संघर्ष की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। श्वेतोंग ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि हाल की घटनाएं वैश्विक राजनीति में एक चिंताजनक पैटर्न की ओर संकेत करती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी संभावित अमेरिकी हमले से बचाव के लिए किसी बाहरी शक्ति पर निर्भर नहीं रह सकता।

# एपस्टीन फाइलः ट्रम्प पर नाबालिग के यौन शोषण का आरोप

## नए दस्तावेज में खुलासा, पहले अधिकारियों ने डुप्लीकेट बताकर रोक दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्याय विभाग ने कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए हैं। एफबीआई को दिए इंटरव्यू में महिला ने दावा किया कि एपस्टीन ने उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से कराई थी। ट्रम्प ने उनका यौन शोषण किया। तब वे नाबालिग थीं। ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे। एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे।

शुरुआती रिलीज में सिर्फ एक इंटरव्यू का सार दिखा, जिसमें महिला ने एपस्टीन के खिलाफ आरोप बताए थे। बाकी तीन इंटरव्यू गायब होने पर सवाल उठ रहे थे। अधिकारियों ने अब कहा कि इन्हें गलती से 'डुप्लीकेट' मानकर रोक दिया गया था। बाद में रिव्यू किया तो यह बात गलत निकली। अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है। उनका आरा. `प है कि ट्रम्प प्रशासन ने एपस्टीन जांच से जुड़ी ऐसी जानकारियां दबाईं, जो ट्रम्प को नुकसान पहुंचा सकती थीं। हाउस की एक कमेटी ने अटार्नी जनरल पाम बान्डी को



■ ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे, एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे

■ अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है

नोटिस जारी करने के पक्ष में वोट किया। उन्हें कोर्ट में जवाब देना होगा। ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली महिला के 2019 में एफबीआई ने कई इंटरव्यू लिए थे। गुरुवार को जो डाक्यूमेंट जारी हुए हैं, उनमें इन्हीं इंटरव्यू के डिटेल्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस इंटरव्यू में उस महिला ने आरोप लगाया कि जब उसकी उम्र 13 से 15 साल के बीच थी, तब एपस्टीन और ट्रम्प ने उसका यौन-शोषण किया था। एक इंटरव्यू में महिला ने कहा कि एपस्टीन उसे न्यूयार्क या न्यूजर्सी ले गया था और वहीं ट्रम्प से मिलवाया था। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब ट्रम्प उस पर सेक्स करने के लिए दबाव डाल रहे थे, तब उसने उन्हें काट भी लिया था। महिला का यह भी दावा है कि पिछले कई सालों में उसे और उसके करीबी लोगों को चुप रहने के लिए धमकी भरे कई फोन काल भी आए थे। महिला का मानना है कि ये काल एपस्टीन से जुड़े लोगों की तरफ से हो सकते थे। एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकार्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं। जांच में सामने आया कि यौन शोषण का नेटवर्क अमेरिका तक सीमित नहीं था। एपस्टीन ने संगठित ट्रैफिकिंग नेटवर्क बनाया। एपस्टीन फाइल्स में अब तक 15 देशों के रईसों, नेताओं और अंत. रराष्ट्रीय हस्तियों के नाम सामने आए हैं। ट्रम्प ने एपस्टीन से जुड़े सभी आरोपों में किसी भी गलत काम से इनकार किया है. पहले न्याय विभाग ने भी कहा था कि जारी किए गए कुछ डाक्यूमेंट में ट्रम्प के खिलाफ 'झूठे और सनसनीखेज दावे' हैं। वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक नेताओं ने ट्रम्प सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने एपस्टीन जांच से जुड़ी कुछ ऐसी जानकारियों को छिपाने की कोशिश की, जो ट्रम्प के लिए नुकसानदेह हो सकती थीं।

## संक्षिप्त समाचार

**दुबई में एमिरेट्स एयरलाइंस की सभी उड़ानें निलंबित**

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेट्स ने शनिवार को दुबई से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को अगले आदेश तक निलंबित करने की घोषणा की । एयरलाइन ने यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए यात्रियों को हवाई अड्डे पर न आने की सलाह देते हुए कहा है कि जिन यात्रियों की बुकिंग 28 फरवरी से 31 मार्च के बीच है, वे अपनी यात्रा को 30 अप्रैल तक के लिए पुनः बुक कर सकते हैं या रिफंड का अनुरोध कर सकते हैं।

**अमेरिका ने इजरायल को 12000 बम बेचने की मंजूरी दी**

वॉशिंगटन। अमेरिका ने इजरायल को 12000 हवाई बमों सहित हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस सौदे की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15-18 करोड़ डॉलर है। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि इजरायल ने 1000 पाउंड क्षमता वाले 12000 बम खरीदने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि यह इन रक्षा सामग्रियों का सौदा अमे. रिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है। इस कारण इस संबंध में बने कानून की एक धारा 36(बी) के तहत आवश्यक कांग्रेस समीक्षा प्रक्रिया को भी दरकिनार किया गया।

### चीन ने पीला सागर में विमान मुठभेड़ पर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को खारिज किया

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को पीला सागर के ऊपर विमानों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। चीन ने ऑस्ट्रेलिया के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने पर आपत्ति जताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई युद्धपोत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने के बहाने पीला सागर और पूर्वी चीन सागर में चीन के खिलाफ निकट-सीमा टोह के लिए बार-बार नौसैनिक हेलीकॉप्टर भेजे।

# ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान!

## पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री के बीच हुई बड़ी बैठक के बाद अटकलें जारी

**दुबई/वाशिंगटन।** अमेरिका -इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब सीधे निशाने पर है। खाड़ी के इस देश के आयल फील्ड और एयरपोर्ट पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसी बीच रियाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान की अहम बैठक हुई। बैठक में ईरान के हालिया हमलों और उन्हें रोकने के उपायों पर चर्चा हुई। सऊदी रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि बैठक संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत हुई और इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर दिया। हाल के दिनों में ईरान ने सऊदी अरब के शायबा आयल फील्ड को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि छह ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि दो बैलिस्टिक मिसाइलें प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास नष्ट की गईं। यह क्षेत्र यूएई की सीमा के पास स्थित है और पिछले हमलों के बाद अब ईरान सीधे इसमें शामिल हो रहा है। ईरान और सऊदी अरब के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका अहम हो गई है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संसद में खुलासा करते हुए कहा कि हाल के दिनों में ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमलों में कमी या प्रतिक्रिया न देने के पीछे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल रही है। यह खुलासा पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति को और जटिल बना देता है। इशाक डार ने बताया कि पाकिस्तान का सऊदी अरब के



■ ट्रम्प की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी व्यक्ति दोषी करार, ईरान के कहने पर बनाया था प्लान

साथ एक रणनीतिक रक्षा समझौता है। जब ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव बढ़ा, तो पाकिस्तान ने तत्काल ईरान से संपर्क किया। पाकिस्तान ने ईरान को इस रक्षा समझौते के बारे में आगाह किया और आश्वासन मांगा कि सऊदी अरब की जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान ने ईरान को यह आश्वा. सन भी प्रदान किया। इस कूटनीतिक प्रयास ने तत्काल टकराव को टालने में मदद की। अब तक चल रहे संघर्ष में खाड़ी देशों ने सीधे टकराव से खुद को दूर रखा था और अमेरिका ने भी इन देशों की जमीन का इस्तेमाल अपने हमलों के लिए नहीं किया था। हालांकि, अगर ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमले जारी रहते हैं और सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौता सक्रिय हो जाता है, तो स्थिति पूरी तरह से बदल सकती है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब की ओर से ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई में शामिल होता है, तो यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। यह सीधे तौर पर दक्षिण एशिया में भी फैल जाएगा, क्योंकि पाकिस्तान और ईरान के बीच एक लंबी सीमा लगती है। वहीं न्यूयार्क में एक पाकिस्तानी व्यक्ति को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। इस व्यक्ति के संबंध ईरान से हैं। उसने यह साजिश ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए रची थी। सुलेमानी की मौत साल 2020 में एक अमेरिकी हमले में हुई थी। मामले में 48 साल के आसिफ रजा मर्चेंट को शुक्रवार को ब्रुकलिन की अदालत में दोषी ठहराया गया। एक फेडरल जूरी ने उसे भाड़े पर हत्या करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश का अपराधी माना। मर्चेंट को अब उम्रकैद की सजा हो सकती है। अमेरिकी अटार्नी जनरल पामेला बोंडी ने बताया कि मर्चेंट खास तौर पर ट्रम्प को मारने के इरादे से अमे. रिका आया था। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, मर्चेंट 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स' (आईआरजीसी) का एक प्रशिक्षित एजेंट था। उसने अदालत में माना कि साल 2024 में आईआरजीसी ने उसे राजनीतिक हत्याओं का इंतजाम करने के लिए अमेरिका भेजा था। उसके निशाने पर ट्रम्प के अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और निक्की हेली भी हो सकते थे। मर्चेंट ने स्वीकार किया कि उसका मुख्य लक्ष्य ट्रम्प ही थे। मर्चेंट अप्रैल 2024 में अमेरिका पहुंचा था। जून में वह कुछ लोगों से मिला जिन्हें वह हत्यारा समझ रहा था। असल में वे न्यूयॉर्क पुलिस के अंडरकवर अधिकारी थे। जुलाई 2024 में देश छोड़ने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पामेला बोंडी ने कहा कि यह आदमी ट्रम्प को मारने की उम्मीद में आया था, लेकिन उसका सामना अमेरिकी कानून की ताकत से हुआ।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सेना की कार्रवाई, 15 ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 15 विद्रोही को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग (आईएसपीआर) ने शनिवार को यह जानकारी दी। ये ऑपरेशन खुफिया जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को किए गए थे। पहला ऑपरेशन हरनाई जिले में हुआ। यहां सेना ने खवारिज के ठिकाने पर हमला किया। भीषण मुठभेड़ के बाद 12 विद्रोही मारे गए। पाकिस्तान सरकार ने साल 2024 में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल-खवारिज' नाम दिया है। यह नाम इतिहास के एक हिंसक समूह के संदर्भ में रखा गया है। दूसरा ऑपरेशन बसिमा जिले में चलाया गया। यहां सेना ने आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाया और उन पर हमला किया। इस जोरदार गोलीबारी में तीन और आतंकवादी ढेर हो गए।

# अमेरिकी-इजरायली हमलों में कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौतः ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान के संयुक्त राष्ट्र में स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा है कि अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों में अब तक कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हुए हैं। इरावानी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात. चीत में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

■ देशभर में 180 से अधिक बच्चों की भी मौत हुई है

उन्होंने कहा कि देशभर में 180 से अधिक बच्चों की मौत हुई है और 20 से अधिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान में नागरिकों और नागरिक अवसंरचनाओं को जानबूझकर निशाना बनाया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे अपने सैन्य अभियानों में किसी भी तरह का संयम नहीं बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी शहरों पर अंधाधुंध हमले किए जा रहे हैं और घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण नागरिक ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार इस तरह का युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। इरावानी ने कहा कि अब तक देश में 13 स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले किए गए हैं। गुरुवार को तेहरान और अन्य शहरों में कुछ खेल और मनो. रंजन स्थलों को भी निशाना बनाया गया, जिसमें 18 महिला खिलाड़ियों की मौत हो गई, जबकि लगभग 100 अन्य घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन हमलों का उद्देश्य नागरिकों में भय पैदा करना और अधिकतम विनाश करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इजरायल का यह दावा निराधार है कि उनके हमले केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत अपने आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करता रहेगा और उसकी सैन्य प्रतिक्रिया 'कानूनी, आवश्यक और अनुपा. तिक' है तथा केवल हमलावर पक्ष के सैन्य लक्ष्यों को ही निशाना बनाती है। उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता लेकिन वह अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा और अपने लोगों, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

# ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की अमेरिका को धमकी

**तेहरान।** ईरान के रिवोल्यूशन. री गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमे. रिकी नौसेना को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि वे सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे हैं।

■ होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे

आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने शनिवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उनका बल अमेरिकी नौसेना की किसी भी उपस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। यह बयान अमेरिकी ऊर्जा सचिव की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी नौसेना जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा घेरा प्रदान करने की तैयारी कर रही है। फॉर्स समाचार एजेंसी के अनुसार, ईरानी प्रवक्ता नैनी ने अमेरिकियों को कोई भी निर्णय लेने से पहले 1987 की उस घटना की याद दिलाई, जब ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की बिछाई गई सुरंगों के कारण अमेरिकी सुपरटैंकर 'ब्रिजटन' में आग लग गई थी। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रवक्ता ने हाल ही में तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिका को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# खाड़ी देशों पर हमलों के बीच ईरान ने मांगी माफी

## हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा

**दुबई/रियाद।** खाड़ी क्षेत्र में जारी भीषण तनाव के बीच शनिवार को सऊदी अरब, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान की ओर से ताजा ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए। दूसरी ओर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी।

इन हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा। दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही। इसके कारण क्षेत्र की प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेटस ने विमान संचालन को रोकने का फैसला किया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने भी एक बैलिस्टिक



■ दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही

मिसाइल हमले को विफल करने की पुष्टि की है, जिसके बाद दोहा में सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी गई। इसे देखते हुए कतर एयरवेज ने कहा है कि वह कल लंदन, पेरिस, मैड्रिड, रोम, फ्रैंकफर्ट और बैंकॉक से दोहा के हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए फ्लाइट्स ऑपरेट करने का योजना बना रहा है। उसने कहा कि यह फ़ैसला कतर विमानन प्राधिकरण से अस्थाई अनुमति मिलने के बाद लिया गया। वहीं बहरीन की सेना ने बताया कि हमलों की शुरुआत से अब तक उसने 86 मिसाइलों और 148 ड्रोनों को मार गिराया है। सऊदी अरब ने भी अपने विशाल 'शयबाह' तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे 16 ड्रोनों को शनिवार तड़के नष्ट करने का दावा किया है। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज. `शकियन ने सरकारी टेलीविजन पर एक संबोधन में पड़ोसी देशों पर हुए हमलों के लिए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगते हुए इसे एक असामान्य मोड़ दे दिया है। उन्होंने कहा कि तेहरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करना चाहता और भविष्य में तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक ईरान पर उन देशों की जमीन से हमला न हो। राष्ट्रपति ने खाड़ी देशों से 'साम्राज्यवाद' के हाथों की कठपुतली न बनने की अपील की, हालांकि उनके इस बयान के बाद भी क्षेत्र में हवाई हमले और जवाबी कार्रवाई जारी रही।

### अब पड़ोसी देशों पर हमला नहीं करेगा ईरानः पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगते हुए कहा है कि अब ईरान उन देशों पर हमला नहीं करेगा। पेजेशकियान ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे लगता है कि उन पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगना जरूरी है जिन पर हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी देशों पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। हम शांति और सुकून कायम करने के लिए इलाके में सहयोग की अपील करते हैं। पेजेशकियन ने कहा कि सैन्य बलों को एक आदेश दिया गया है। अब से, पड़ोसी देशों पर तब तक हमला न करें जब तक कि उन पर पहले हमला न हो।

### अमेरिका परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा हैः रूसी उप विदेश मंत्री

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा है कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता बढ़ाने का विकल्प तैयार रख रहा है। रयाबकोव ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयानों से संकेत मिलता है कि अमेरिका इस क्षेत्र में पूरी आजादी बनाये रखना चाहता है। वे अपने पास कई विकल्प रख रहे हैं, जिसमें संभवतः परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। इसे इस तरह पेश किया जा रहा है कि राष्ट्रपति के पहले आदेश पर इन विकल्पों को फौरन सक्रिय किया जा सके। गौरतलब है कि रूस-अमेरिका के बीच हुई 'न्यू स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी' (न्यू स्टार्ट) की मियाद पांच फरवरी को खत्म हो गई थी। पिछले साल सितंबर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की थी कि रूस एक साल और 'न्यू स्टार्ट' के प्रतिबंधों का पालन करने को तैयार है और उन्होंने सुझाव दिया था कि अमेरिका को भी ऐसा ही करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन के प्रस्ताव को अच्छा विचार बताया था। हालांकि चार फरवरी को रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब संधि के पक्षकार किसी भी दायित्व या घोषणा से बंधे नहीं हैं।

# इमरान की पार्टी के 47 नेताओं-कार्यकर्ताओं को जेल

## रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत का फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 47 नेताओं और समर्थकों को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत ने शनिवार को सुनाया।

अदालत ने इन सभी लोगों को मई 2023 में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों और तोड़फोड़ के मामले में दोषी पाया। दरअसल, 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। कई जगहों पर प्रदर्शन हिंसक हो गए थे और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था। रावलपिंडी में प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सेना मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश भी की थी। इस दौरान कई सरकारी इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया था। इस



■ 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे

मामले में पुलिस ने रावलपिंडी के आरए बाजार पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया था। आरोप था कि प्रदर्शनकारियों ने आगजनी, तोड़फोड़, पुलिस पर हमला और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। साथ ही सेना के संग्रहालय, हमजा कैंप और मेट्रो स्टेशन को भी नुकसान पहुंचाया गया था। आतंकवाद निरोधक अदालत के जज अमजद अली शाह ने इन 47 लोगों को अदालत में पेश न होने के कारण पहले ही घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। अदालत ने उन्हें अनुपस्थिति में ही दोषी ठहराते हुए 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। अगर जुर्माना नहीं दिया गया तो अतिरिक्त जेल की सजा भी भुगतनी पड़ेगी। इसके अलावा दोषियों की चल और अचल संपत्ति जब्त करने का आद. `श भी दिया गया है। सजा पाने वालों में पीटीआई के कई बड़े नेता शामिल हैं, जैसे उमर अयूब खान, शिबली फराज, शाहबाज गिल, जुल्फी बुखारी, मुराद सईद, जरताज गुल और हम्माद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

अदालत के फैसले में कहा गया कि संयुक्त जांच दल (जेआईटी) की जांच में इन लोगों की भूमिका हिंसक प्रदर्शन की योजना बनाने में सामने आई थी। इसलिए इन्हें आतंकवाद निरोधक कानून के तहत दोषी माना गया। यह मामला 9 मई 2023 को हुए सेना मुख्यालय हमले से जुड़ा है। इस पूरे केस में कुल 118 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी का नाम भी शामिल है। इमरान खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।

# प्रिंस खालिद ने ईरान को दी 'गलतफहमी' से बचने की चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने देश के सैन्य ठिकानों और तेल केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद ईरान को 'गलतफहमी और गलत आकलन' से बचने की कड़ी चेतावनी दी है।

सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बयान जारी कर बताया कि अमे. रिकी सैन्य कर्मियों की मौजूदगी वाले एक एयर बेस और एक प्रमुख तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजधानी रियाद के दक्षिण-पूर्व स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही रोककर नष्ट कर दिया गया। सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से पुष्टि की है कि इसी एयर बेस पर एक और मिसाइल हमला हुआ, जिसे भी विफल कर दिया गया। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात की सीमा के पास स्थित शयबाह तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए कई ड्रोन हमलों और रियाद के पूर्व में एक अन्य ड्रोन हमले को भी सेना ने नाकाम कर दिया है। दुनिया के शीर्ष तेल निर्यातक देश सऊदी अरब ने इस सप्ताह की शुरुआत में भी रास तनुरा रिफाइनरी पर कम से कम दो ड्रोन हमलों की सूचना दी थी। प्रिंस खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरानी पक्ष बुद्धिमानी से काम लेगा और ऐसी हरकतों से बचेगा, जो क्षेत्र को और अधिक अस्थिरता की ओर धकेल सकती हैं।

# धुरंधर 2 में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक



**मुंबई।** धुरंधर द रिवेंज यानी धुरंधर 2 का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। जहां लोग एक बार फिर से खूनी एक्शन से सरावोर कहानी देख चहक उठे हैं तो वहीं कुछ लोगों को रणवीर सिंह के किरदार हमजा अली मजारी के अतीत की झलक न देखने को लेकर निराशा हुई है। ट्रेलर में कई अहम राज भी खुले हैं साथ है फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन भी बंदूक ताने दिख रही हैं। पहले पार्ट धुरंधर में सारा अर्जुन का किरदार यालिना जमाल कहानी में इश्क का रंग घोलता दिखा था और धुरंधर 2 में हाथ में बंदूक थामे दिख रही हैं।

सारा अर्जुन महज 20 साल की हैं और उन्होंने धुरंधर में अपनी उम्र से 20 साल बड़े हीरो रणवीर सिंह संग इश्क लड़ाया था, लेकिन पर्दे पर बनी यह जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी और दोनों को खूब प्यार भी मिला था। धु. रंधर में सारा ने यालिना जमाल के किरदार में कम समय स्क्रीन पर रहकर ही लोगों का दिल जीत लिया था। धुरंधर फिल्म की कहानी में इश्क का रंग भरने वाली यालिना की आंखों में मोहब्बत की चमक देखने को मिली थी। लेकिन अब धुरंधर 2 के ट्रेलर में यालिना की आंखों में तेवर और हाथों में बंदूक दिख रही है। माना जा रहा है कि ट्रेलर में दिखाया ए कहानी में अहम मोड़ का हिस्सा हो सकता है।

पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

> पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।



# धुरंधर के बाद सोलो लीड फिल्म में काम करेंगे अर्जुन रामपाल

**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म धु. रंधर की ज़बरदस्त सफलता के बाद अर्जुन रामपाल एक दमदार सोलो लीड के साथ फिर से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। यह नई, अभी अनटाइटल्ड फैमिली ड्रामा फिल्म मनोरंजन के साथ एक मजबूत सामा. जिक संदेश भी लेकर आती है। कहानी जीवन की सादगी, अपनी जड़ों से जुड़ाव और उन रिश्तों का जश्न मनाती है जो सच में मायने रखते हैं।

यहां कोई घिसा-पिटा मसाला नहीं, बल्कि दिल को छू लेने वाली, अपनेपन से भरी और पूरे परिवार के साथ देखने लायक कहानी है, जो हमें अपनी विरासत और अपनों की कद्र करना याद दिलाती है। यह फिल्म अर्जुन रामपाल और लेखक-निर्देशक शैलेश वर्मा की पहली साथ काम करने वाली फिल्म है। इसे पारस सॉफ्टवेयर एंड एंटरटेनमेंट और वेमो मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म अगस्त 2026 के मध्य में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने की तैयारी में है। वेमो के एमडी डॉ. विकास कुमार मोदी और शैलेश वर्मा इस साल तीन ऐसी फिल्मों की लाइनअप लेकर आ रहे हैं जो सामाजिक रूप से प्रभावशाली और मजबूत मूल्यों पर आधारित होंगी।

# जैस्मीन अख्तर और डॉ. जियूस ने नए पंजाबी ट्रैक व्हिप के साथ मचाया धमाल



**मुंबई।** जैस्मीन अख्तर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक व्हिप रिलीज़ किया है, जो मशहूर म्यूज़िक प्रोड्यूसर डॉ. ज़ियूस के साथ एक हाई-एनर्जी कोलेबोरेशन है। एटीट्यूड, बोल्ड विजुअल्स और पावरफुल बीट्स से भरा यह नया गाना पंजाबी म्यूज़िक लवर्स के बीच पहले से ही एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है।

म्यूज़िक वीडियो कनाडा में शूट किया गया है, जो ट्रैक में एक वाइब्रेंट बैकग्राउंड जोड़ता है। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर बीट्स और तेजी नभेला के लिखे लिरिक्स के साथ, व्हिप कंटेंपररी पंजाबी म्यूज़िक को एक शानदार विजुअल कॉन्सेप्ट के साथ मिलाता है जो ग्लैमर और एनर्जी दोनों को हाईलाइट करता है। रिलीज़ के बारे में बात करते हुए, जैस्मीन अख्तर ने डॉ. ज़ियूस के साथ एक बार फिर कोलेबोरेट करने को लेकर अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और अपने पिछले ट्रैक के लिए मिले प्यार को याद किया। जैस्मीन अख्तर ने कहा, डॉ. ज़ियूस के साथ काम करना हमेशा से एक शानदार अनुभव रहा है। हमारे पिछले गाने आह मेरे लक्क ने को सुनने वालों से बहुत प्यार मिला था, और इस तरह का रिस्पॉन्स आपको हमेशा और कुछ बनाने के लिए मोटिवेट करता है। व्हिप के साथ, हमने कुछ बोल्ड और एनर्जी से भरपूर लाने की कोशिश की है। मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शक इस नए ट्रैक पर भी उतना ही प्यार बरसाएंगे। पंजाबी म्यूज़िक सीन में अपनी दमदार आवाज़ और पॉपुलैरिटी के लिए जानी जाने वाली, जैस्मीन अख्तर नए साउंड और डायनामिक विजुअल्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर म्यूज़िक और तेजी नभेला के कैची लिरिक्स के साथ, व्हिप एक ऐसा ट्रैक होने का वादा करता है जो फैंस के साथ मजबूती से जुड़ेगा। यह गाना अब बड़े स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# कुब्रा ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से सीखा अभिनय



**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से अभिनय के गुर सीखे। प्रकाश झा निर्देशित अपने आगामी प्रोजेक्ट संकल्प के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, कुब्रा सैत ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के साथ काम करने के अपने अनुभव को न सिर्फ बेहद खास, बल्कि उन्हें अद्वितीय कहते हुए उन्हें बेहद प्रेरणादायक भी बताया। कुब्रा सैत ने कहा, नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं।

उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है। उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है। कुब्रा की बातों से यह भी साफ झलकता है कि नाना पाटेकर अपने किरदारों के लिए कितनी गहराई से तैयारी करते हैं। दशकों से अपने दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले नाना पाटेकर आज भी अपनी अनुशासन और काम के प्रति गंभीरता से नई पीढ़ी के कलाक. ारों को प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही कुब्रा सैत की इस दिल से की गई तारीफ ने यह भी दिखाया कि संकल्प के सेट पर काम का माहौल बेहद सहयोगी और सीखने वाला था, जहां कलाकार एक-दूसरे से लगातार कुछ नया सीख रहे थे। अब जब संकल्प को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ चुकी है, तो ऐसे में कुब्रा के यह शब्द इस प्रोजेक्ट के पीछे लगी मेहनत, समर्पण और जुनून की एक झलक भी पेश कर रहे हैं।

> **नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं, उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है, उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है।**
> -कुब्रा सैत

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# विद्या बालन को अपना हीरो मानती हैं तापसी पन्नू

## विद्या ने महिला कलाकारों को भूमिका दिलाने में निभाया अहम रॉल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू, विद्या बालन को अपना हीरो मानती है। हाल ही में तापसी पन्नू ने बताया कि हिंदी सिनेमा में अपने करियर को लेकर उनकी सोच पर विद्या बालन का कितना गहरा प्रभाव रहा है। तापसी ने कहा कि वह विद्या को अपना हीरो मानती हैं, क्योंकि उनकी फिल्मों ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि इंडस्ट्री में महिला कलाकार भी लंबे समय तक मजबूत और दमदार भूमिकाओं के साथ आगे बढ़ सकती हैं। तापसी पन्नू ने कहा, विद्या मेरी हीरो हैं, क्योंकि उन्होंने मेरे करियर को देखने का पूरा तरीका बदल दिया। उन्होंने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी ऐसा कर सकती हूं। यकीन मानिए अगर उनकी द डर्टी पिक्चर और कहानी जैसी फिल्में नहीं बनी होती, तो शायद मेरे जैसे कलाकारों को इंडस्ट्री में आगे बढ़ते रहने का साहस ही नहीं मिलता। इन्ही फिल्मों ने मेरे करियर की शेल्फ लाइफ को लेकर मेरा नजरिया बदल दिया, क्योंकि यह फिल्में तब रिलीज हुईं, जब मैं हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी। इन फिल्मों की सफलता ने मुझे यह भरोसा दिलाया कि अभिनेत्रियां भी कंटेंट-ड्रिवन और मजबूत कहानियों वाली फिल्मों को अपने दम पर आगे बढ़ा सकती हैं।